RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 260
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, रविवार, 14 जनवरी, 2024


# खरगे ने विपक्षी दलों को भारत न्याय यात्रा में बुलाया

# चुनावी नतीजों के बाद प्रधानमंत्री तय किया जायेगा : शरद पवार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया। इसकी पुष्टि बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने भी की है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहे। विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार ने सलाह दी कि कांग्रेस में से किसी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछली बैठक में भी टीएमसी चीफ ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की बात कही थी। विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की आज हुई बैठक करीब





**28 विपक्षी दलों के गठबंधन- INDIA की बैठक में सीट शेयरिंग पर बात हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने विपक्षी दलों को कांग्रेस की भारत न्याय यात्रा में शामिल होने का न्यौता दिया। शरद पवार ने कहा कि चुनावी नतीजों के बाद प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार तय किया जाएगा।**

दो घंटे चली और इस बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा हुई। यह बैठक वर्चुअली हुई, जिसमें 10 पार्टियों के नेता शामिल हुए। बैठक में नीतीश कुमार, एमके स्टालिन, शरद पवार, डी राजा, मल्लिकार्जुन खरगे, उमर अब्दुल्ला, राहुल गांधी, सीताराम येचुरी, लालू यादव-तेजस्वी यादव, अरविंद केजरीवाल शामिल हैं। हालांकि बैठक से पहले ही विपक्ष को झटका लगा जब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस बैठक में शामिल होने से मना कर दिया। साथ ही शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे और सपा नेता अखिलेश यादव भी विपक्षी गठबंधन की इस बैठक में शामिल नहीं हुए। ममता बनर्जी के बैठक में शामिल ना होने पर टीएमसी ने कहा कि उन्हें बैठक के लिए शॉर्ट नोटिस पर सूचना दी गई और साथ ही कांग्रेस ने बैठक के एजेंडे के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब टीएमसी ने कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार किया है। गुरुवार को ही टीएमसी ने बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार कर दिया था। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को दो सीटें देने की पेशकश कर रही हैं और ज्यादा से ज्यादा तीन पर वह मान सकती हैं, लेकिन कांग्रेस इस पर सहमत नहीं है। विपक्षी गठबंधन के संयोजक पद के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की चर्चा थी। जदयू नेताओं के बयान से भी ऐसा लगा था कि पार्टी नीतीश के लिए संयोजक का पद चाहती है, लेकिन अब खुद नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि उनकी संयोजक बनने में कोई रुचि नहीं है। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस की यह यात्रा रविवार यानी 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होगी। इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं की भी बैठक हुई, जिसमें सीट बंटवारे पर चर्चा हुई। विपक्षी गठबंधन की बैठक पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा %जब मैंने विपक्षी गठबंधन की बैठक के बारे में सुना तो पता चला कि यह एक वर्चुअल बैठक है। वर्चुअल गठबंधन सिर्फ वर्चुअल बैठक ही करेगा। इससे ज्यादा वे कुछ नहीं कर सकते।% विपक्षी गठबंधन की बैठक को लेकर भाजपा सांसद दिलीप घोष ने तंज कसा है। उन्होंने कहा विपक्षी गठबंधन कोई काम नहीं करता और सिर्फ बैठकें करता है। कुछ नहीं होगा और जल्द ही यह गठबंधन टूट जाएगा।

विपक्षी दलों की बैठक में सीटों के बंटवारे पर मंथन को लेकर कांग्रेस सुप्रीमो मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, बातचीत सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के साथ उन्होंने खुद कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से विपक्षी दलों को मणिपुर से शुरू होने वाली कांग्रेस पार्टी की यात्रा-भारत न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रिय किया है। उन्होंने कहा कि इंडिया एलायंस सीट शेयरिंग पर जल्द ही अंतिम फैसले का एलान करेगा। 28 विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार ने कहा, %मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में एलायंस की बैठक हुई। हमारे बीच चर्चा हुई कि हम सभी जल्द से जल्द सीट शेयरिंग पर अंतिम फैसला लेंगे। कुछ लोगों का सुझाव था कि गठबंधन का नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे को करना चाहिए। इस पर सभी दल सहमत हुए। पवार ने बताया कि ने आने वाले दिनों की योजना बनाने के लिए भी एक समिति भी बनाई। सभी ने सुझाव दिया कि नीतीश कुमार को संयोजक के रूप में जिम्मेदारी लेनी चाहिए, लेकिन उनकी राय है कि जो पहले से प्रभारी हैं, उन्हें पद पर बने रहना चाहिए। गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन? इस पर पवार ने कहा कि पीएम का चेहरा चुनावी नतीजों के बाद भी तय हो सकता है। उन्होंने कहा, चुनाव के बाद अगर हमें बहुमत मिलता है तो हम देश को बेहतर विकल्प दे पाएंगे।

## सीट बंटवारे पर चर्चा कांग्रेस और आप की बैठक खत्म राहुल भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच बैठक खत्म हो गई है। बैठक के दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच बैठक खत्म हो गई है। यह बैठक मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई। बैठक के दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर मंथन चल रहा है। गठबंधन को लेकर विपक्षी पार्टियां बैठक कर रही हैं। इसी बीच सीएम अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की। इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर आप नेताओं के साथ बैठक हुई थी।

## एक नज़र

### मकर संक्रांति के पर्व पर सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी व एसपी ने किया बृजघाट का भ्रमण

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल द्वारा आगामी पर्व मकर संक्रांति के दृष्टिगत थाना गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं गोताखोरों से वार्ता कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए किसी भी श्रद्धालुओं को स्नान करते किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए अगर कोई श्रद्धालु स्नान करते हुए खतरे के निशान से पार जाता है उसे समझाने की कोशिश करें।

### स्वास्थ राज्य मंत्री द्वारा वितरित किए गए कम्बल।

**द अचीवर टाइम्स समर बहादुर सिंह**

**तिलोई (अमेठी)।** आज उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने ग्रह जनपद अमेठी तहसील परिसर में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर क्षेत्र के दिव्यांग, वृद्धजनों एवं अन्य जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरित किया। इस कार्यक्रम में उनके साथ अन्य क्षेत्रीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

### प. बंगाल के पुरुलिया में 12 गिरफ्तार, अदालत में पेशी, साधुओं पर हमला मामले में राजनीति भी गरमाई

**कोलकाता।** पुरुलिया में साधुओं पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब सियासी बयानबाजी भी हो रही है। प्रदेश विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी- भाजपा ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को आड़े हाथों लिया है। विवाद राजनीतिक रंग अख्तियार कर रहा है, इसके संकेत इस बात से मिल रहे हैं कि टीएमसी ने भाजपा पर घटना को सांप्रदायिक मोड़ देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रही है।

# प्राण प्रतिष्ठा करने से पीएम मोदी को ही नुकसान होगा: मणिशंकर अय्यर





एजेंसी

**नई दिल्ली।** मणिशंकर अय्यर ने कहा कि यह सब पीएम मोदी को ही नुकसान पहुंचाएगा। अधिकतर हिंदुओं ने कभी भी हिंदुत्व के लिए वोट नहीं किया है। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने अपने एक बयान में कहा है कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा खुद करने से पीएम मोदी को ही नुकसान होगा। दरअसल शंकराचार्यों की कथित नाराजगी को लेकर मणिशंकर अय्यर ने यह बात कही। मणिशंकर अय्यर केरल लिटरेचर फेस्टिवल के सातवें संस्करण में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी द्वारा खुद राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने और धार्मिक अनुष्ठान करने पर चार शंकराचार्यों ने नाराजगी जताई है। शंकराचार्यों का हिंदू धर्म में बहुत ऊंचा स्थान है। यह सब पीएम मोदी को ही नुकसान पहुंचाएगा।

### बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी पर लगे झूठे आरोप

कार्यक्रम के दौरान मणिशंकर अय्यर ने अपनी किताब 'The Rajiv I knew and Why he was India's most misunderstood Prime Minister' पर भी चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी पर बोफोर्स घोटाले में लगे सभी आरोप झूठे थे और उनका कोई आधार नहीं था। बोफोर्स घोटाले के आरोपों के चलते ही साल 1989 में राजीव गांधी की कांग्रेस सरकार को लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। राजीव गांधी सरकार पर 1986 में 1,437 करोड़ रुपये के बोफोर्स तोप के सौदे में घोटाले के आरोप लगे थे। मणिशंकर अय्यर, राजीव गांधी की सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के संयुक्त सचिव रहे थे। अय्यर ने बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी पर लगे आरोपों के लिए मीडिया को जिम्मेदार ठहराया।

मणिशंकर अय्यर ने कहा कि अधिकतर हिंदुओं ने कभी भी हिंदुत्व के लिए वोट नहीं किया है। यह हमारा चुनाव कराने का तरीका है जो बीते 10 सालों से हिंदुत्ववादी सत्ता में हैं। अय्यर ने कहा कि हिंदू धर्म भारत का सबसे प्राचीन धर्म है और देश के बहुसंख्यक समाज द्वारा इसका पालन किया जाता है। वहीं हिंदुत्व एक राजनीतिक दर्शन है। दरअसल ऐसा दावा किया जा रहा है कि उत्तराखंड स्थित ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा है कि चारों शंकराचार्य अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। उनका कहना है कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, जो कि शास्त्रों के अनुसार ठीक नहीं है।

# दिव्या का सातवां गुनहगार अभिजीत का PSO अरेस्ट

## अभिजीत ने मुहैया कराया था मॉडल को मारने के लिए आला-ए-कत्ल

एजेंसी

**गुरुग्राम।** दिव्या पाहुजा हत्याकांड में पुलिस ने होटल मालिक अभिजीत सिंह के पीएसओ प्रवेश को गिरफ्तार किया। इस हत्याकांड में यह सातवीं गिरफ्तारी है। प्रवेश हरियाणा के रोहतक का रहने वाला है और इस पर पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं। अभिजीत को हथियार की सप्लाई करता था। पुलिस ने उसके निशान देही पर अभिजीत के कब्जे पर से अन्य हथियार बरामद किए। प्रवेश रोहतक के किल्होड़ गांव सदर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। दिव्या पाहुजा का शव शनिवार को हरियाणा के फतेहाबाद जिले के टोहाना इलाके की नहर में कूदनी हेड में फंसा मिला है। पीठ पर बने टैटू से दिव्या पाहुजा की बहन नैना पाहुजा ने शव की पहचान की है। गुरुग्राम पुलिस के डीसीपी क्राइम विजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दिव्या के शव को ठिकाने लगाने के बाद बलराज गिल और रवि बंगा बस से जयपुर होते हुए उदयपुर गए थे। उदयपुर से बस से कानपुर




पहुंचे और वहां से ट्रेन पकड़कर कोलकाता पहुंचे। जिस स्थान पर दिव्या के शव को ठिकाने पर लगाया था, वहां से करीब 140 किलोमीटर दूर डेड बॉडी मिली है। पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार अभिजीत का साथी आरोपी बलराज गिल की निशानदेही पर ही डिस्ट्रीब्यूटर के पास पानी बंद होने पर सफलता मिली है। यह नहर पंजाब के भाखड़ा से निकलती है। पुलिस शव का डीएनए टेस्ट करा सकती है। बता दें कि बलराज ही वो शख्स था जो दिव्या की लाश को कार में डालकर ठिकाने लगाने के लिए दो जनवरी को गुरुग्राम से फरार हुआ था। इसके साथ एक अन्य साथी रवि बंगा भी धरा गया था। ये दोनों देश छोड़कर बैंकॉक जाने की फिराक में थे। दो जनवरी को गुरुग्राम के द सिटी पॉइंट होटल के रूम नंबर 111 में मॉडल दिव्या पाहुजा की गोली मारकर मर्डर किया गया था। होटल के मालिक अभिजीत सिंह ने इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी अभिजीत ने दिव्या पाहुजा की हत्या करने के बाद होटल में साफ-सफाई और रिसेप्शन का काम करने वाले हेमराज व ओम प्रकाश के साथ मिलकर उसके शव को अपनी बीएमडब्ल्यू कार में रखवाया। इस काम को करने के लिए आरोपी ने दोनों कर्मचारियों को करीब 10 लाख रुपये देने का लालच दिया था।

गुरुग्राम के बलदेव नगर की रहने वाली दिव्या पाहुजा छोटे मोटे मॉडलिंग के काम भी करती थी। गुरुग्राम के गांव गाड़ौली निवासी गैंगस्टर संदीप गाड़ौली (स्ड्डठ्ठस्रद्गद्गश्च त्रड्डस्र्शद्यद्ब) की वह कथित गर्लफ्रेंड थी। संदीप गाडौली का गुरुग्राम पुलिस ने वर्ष 2016 में मुंबई में एनकाउंटर किया था। हालांकि इस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए दिव्या पाहुजा और संदीप गाडौली की मां ने गुरुग्राम पुलिस के पांच कर्मचारियों के खिलाफ संदीप की हत्या का केस दर्ज कराया था।

### भारत की संप्रभुता और अखंडता का उल्लंघन

## ब्रिटिश उच्चायुक्त के पीओके दौरे पर भारत ने जताई कड़ी आपत्ति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस्लामाबाद में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने विदेश कार्यालय के एक अधिकारी के साथ हाल ही में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया। इस पर शनिवार को भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि उसने इस मामले पर नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायुक्त के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। एमईए ने एक बयान में कहा, ÷भारत ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में एक अधिकारी के साथ ब्रिटेन की उच्चायुक्त की अत्यधिक आपत्तिजनक यात्रा को गंभीरता से लिया है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के उल्लंघन को स्वीकार नहीं किया जा सकता।÷ मंत्रालय ने बताया कि विदेश सचिव ने इस पर भारत में ब्रिटेन के उच्चायुक्त के सामने कड़ा विरोध जताया है। मंत्रालय ने आगे कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और हमेशा रहेंगे। इसी तरह, पिछले साल अक्तूबर में इस्लामाबाद में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लूम ने भी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का दौरा किया था। तब भी नई दिल्ली ने वॉशिंगटन के सामने अपने अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने का आग्रह किया था।

# 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने के लिए बाजार में दीयों और मिट्टी की कमी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के मौके पर देशभर में दिवाली जैसा जश्न मनाया जाएगा। राम भक्तों ने अभी से ही श्रीराम की मूर्ति, फोटो लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। दीये खरीदने से लेकर साज-सजावट का सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बाजार पहुंच रही है। ऐसे में राम मंदिर को लेकर शहरों में मिट्टी के दीयों की डिमांड एकदम बढ़ गई है। दिवाली न होते हुए भी देशभर में दीयों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। शहरों में हालात ये हैं कि कारीगरों के लिए दीयों का ऑर्डर पूरा करना मुश्किल हो रहा है। वहीं, बाजार में भी दीयों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। लेकिन फिर भी कारीगरों के लिए ऑर्डर पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। बाजार में जो मिट्टी का सामान्य दीया पहले एक या दो रुपये का मिलता था, वह अब सीधे पांच रुपये तक का मिल रहा है। दिये बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि दीपावली पर दीये बनाने की तैयारी वह करीब छह महीने पहले ही शुरू कर देते हैं। इस समय दीयों की मांग अचानक बढ़ गई है। बीते




**दिये बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि दीपावली पर दीये बनाने की तैयारी वह करीब छह महीने पहले ही शुरू कर देते हैं। इस समय दीयों की मांग अचानक बढ़ गई है। बीते एक महीने से उन्हें ऑर्डर मिलने लगे हैं। इसके लिए वह तैयार नहीं थे। इसलिए मुश्किलें आ रही हैं...**

एक महीने से उन्हें ऑर्डर मिलने लगे हैं। इसके लिए वह तैयार नहीं थे। इसलिए मुश्किलें आ रही हैं। इस पर बिना धूप वाले मौसम ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दीये बिना धूप के सूख नहीं रहे हैं। इसके बावजूद 22 जनवरी की मांग को पूरा करने के लिए सभी कारीगर जुटे हुए हैं। राजधानी दिल्ली में दीये बनाने वाले कारीगरों का कहना है कि दिल्ली में मिट्टी से बने सामान बनाने के लिए हरियाणा के बहादुरगढ़ और झज्जर जिलों के खेतों से मिट्टी आती है। इसमें काली और पीली मिट्टी शामिल हैं। अभी मिट्टी की कमी है। मिट्टी खेतों से निकलती है, जो मिट्टी निकली है, वह पहले ही बिक चुकी है। काली मिट्टी सबसे महंगी होती हैं क्योंकि यह तालाबों व जोहड़ों से निकाली जाती है। पहले चार से छह हजार रुपये प्रति ट्राली मिट्टी पड़ती है। अब यह मिट्टी दोगुने दामों पर भी नहीं मिल रही है। दीपावली पर करीब छह ट्राली मिट्टी के दीये बनाते हैं, लेकिन इस बार यदि दस ट्राली मिट्टी मिले, तो भी दीये कम पड़ जाएंगे।

# 3 ट्रकों से अयोध्या जाएगा भगवान महाकाल का लड्डू

## 5 लाख पैकेट होंगे तैयार, 100 कारीगर काम में जुटे



एजेंसी

**उज्जैन।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोरों पर है। अब उज्जैन से अयोध्या करीब 3 ट्रकों से भगवान महाकाल के लड्डू पहुंचाए जाएंगे। जिसकी तैयारी जोरों शोर से चल रही है। बताया जा रहा है कि इन लड्डूओं को बनाने के लिए करीब 100 कारीगर काम में जुटे हुए हैं।

अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को भव्य समारोह के रूप में आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में बाबा महाकाल के लड्डू प्रसाद अयोध्या भेजे जा रहे हैं। बता दें कि जिसकी तैयारी जोरों शोर से चल रही है। प्रसाद को लेकर लड्डू बनाने वाले कारीगर भी बढ़ा दिए गए हैं, 16 जनवरी से यह लड्डू ट्रक में रखकर अयोध्या भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महाकाल मंदिर से 5 लाख लड्डू प्रसाद भेजने का निर्णय लिया गया है। किसी क्रम में महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद तैयार कराया जा रहा है। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया 5 लाख लड्डूओं के लिए 5 लाख पैकेट बनाए जा रहे हैं और पहले 80 कारीगर लड्डू बना रहे थे, लेकिन समय को देखते हुए 20 कारीगर और बढ़ा दिए गए हैं।

इस प्रकार अब 100 कारीगर प्रतिदिन लड्डू बनाने में लगे हुए हैं। 16 जनवरी 2024 तक लड्डू तैयार कर लिए जाएंगे और इसके बाद ट्रक में रखकर अयोध्या भेजने का काम शुरू हो जाएगा। संभावना है कि 2 से 3 ट्रकों में रखकर यह लड्डू भेजे जाएंगे।

**यातायात पुलिस द्वारा करीब 2 दर्जन वाहनों पर की चलान की कार्रवाई**

# जाति सूचक शब्द, मोडिफाइड साइलेंसर व गाड़ीयों पर लगी काली फिल्म खुद उतार ले चालकः उपदेश कुमार, टीआई, हापुड़

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के आदेशानुसार शनिवार को यातायात प्रभारी निरीक्षक उपदेश कुमार के नेतृत्व में किठौर रोड बाईपास चौराहे पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन से लेकर चार पहिया वाहन चालकों हड़कंप मच गया इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक उदेश कुमार ने चेकिंग के दौरान वाहनों पर जाति सूचक शब्द व मोडिफाइड साइलेंसर वाली बाईक के चालान भी किये तथा चार पहिया वाहन कारो को पर लगी काली फिल्म को पुलिस कर्मियों की सहायता से उतरवायी गई। तो वही यातायात प्रभारी निरीक्षक उपदेश कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान करीब दो दर्जन वाहनों पर चालान की कार्रवाई की है और कुछ वाहन चालकों को छोडते हुए हिदायत देते हुए यातायात नियमों को पालन करने के लिए कहा गया अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के साथ वहान को चलाएं। सरकारी आदेश के अनुसार वाहनों पर जाति सूचक शब्दों नहीं लिखवाये तथा ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मोडिफाइड साइलेंसरों का उपयोग न करेंकरें इस दौरान यातायात पुलिसकर्मी सचिन कुमार, होमगार्ड कैलाश कुमार के साथ अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे !

## श्रीकृष्ण ने जेल में वासुदेव के यहां अवतार लेकर संतों व भक्तों का सम्मान बढ़ायाः कथावाचक हरिकेश



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**निंदूरा ( बाराबंकी)।** क्षेत्र के अलमापुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पांचवे दिन कथावाचक हरिकेश जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित से शुकदेव कहते हैं कि संसार का कल्याण करने के लिए भगवान अवतार लेते। जब-जब धर्म की हानि होती है। तब सज्जनों का कल्याण और राक्षसों का वध करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने चौपाई सुनाते हुए कहा जब-जब होई धर्म की हानि, बाढहि असुर अधम अभिमानी, तब-तब धरि प्रभु मनुज शरीरा, हरहि कृपा निज सज्जन पीरा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जेल में वासुदेव के यहां अवतार लेकर संतों व भक्तों का सम्मान बढ़ाया। उन्होंने अपने अंदर बुराई विद्यामान न रहे इसके लिए संतों का सत्संग का मार्ग बताया। भगवान श्रीराम की मर्यादा और श्रीकृष्ण को तब समझोगे जब राममय बनो। जब भक्ति मार्ग में भक्त लीन रहता है तब प्रभु दर्शन होते हैं। अंत में व्यास चंद्रशेखर जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म लीलाओं का वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के तमाम मार्मिक प्रसंग सुनाए इस अवसर पर रामसिंह.रामसजीवन.राजेंद्र प्रसाद.विश्वनाथ .प्रवेश कुमार आदि सहित तमाम भक्त उपस्थित रहे।

# 14 जनवरी को हापुड़ में कांग्रेस निकालेगी मशाल जुलूस पदयात्रा

❖दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों व मजलूमों के साथ हो रहे अन्याय की आवाज को उठाने के लिए निकली जाएगी मशाल जुलूस पदयात्राःअभिषेक गोयल

❖मशाल जुलूस निकालकर कांग्रेस जन करेंगे राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा का प्रचार प्रसार।

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** शनिवार को कांग्रेस जनों ने मशाल जुलूस पदयात्रा को लेकर एक बैठक की। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया है कि 14 जनवरी से राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा की शुरुआत हो रही हैं जो मणिपुर से मुंबई तक करीब 6500 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। इस यात्रा का उद्देश्य देश में दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों की आवाज को उठाना हैं। जिसके लिए देश में न्याय यात्रा की शुरुआत की जा रही हैं। इसी यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में मशाल जुलूस पदयात्रा निकालने का आह्वान किया हैं। इसी आह्वान के साथ 14 जनवरी को कांग्रेस जन हापुड़ में जनपद स्तरीय मशाल जुलूस पदयात्रा निकाल रही हैं। अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि 14 जनवरी को मशाल जुलूस पदयात्रा शाम 5 बजे नेहरू चौक से निकाली जाएगी। जो कि करीब 5 किलोमीटर की होगी। कांग्रेस जन हाथों में मशाल लिए प्रदेश के दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों, मजलूमों के साथ हो रहे अन्याय की आवाज को उठाने के लिए न्याय की आवाज उठाएंगे और राहुल गांधी जी की न्याय पदयात्रा की शुरुआत का संदेश इस मशाल जुलूस के माध्यम से देंगे। बैठक में विक्की शर्मा, राहुल शर्मा, गौरव गर्ग, अंकुर अग्रवाल, भरतलाल शर्मा, सावन चौधरी, सौरभ चौधरी, जोगेंद्र तोमर आदि लोग शामिल रहे. !

## एक नज़र

### ग्राम प्रधान ने ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि पर कब्जे का लगाया आरोप

**द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी**



**मलिहाबाद ।** तहसील क्षेत्र के थाना रहीमाबाद अंतर्गत तरौना गांव के ग्राम प्रधान संदीप यादव ने बताया की उनकी पंचायत की भूमि संख्या 1196/1870 तथा 1162 ग्राम समाज की सुरक्षित भूमि है जो अभिलेखों में रास्ते हेतु दर्ज है। ग्राम प्रधान का आरोप है की शिवलाल मौर्य और महेश ने दबंगई के बल पर जमीन पर ट्रैक्टर चलवाकर उसमे सीमेंट के पिलर गाड़कर तार बांध कर अवैध रूप से करीब दस बिस्वा जमीन कब्जा कर ली है। प्रधान ने बताया की उन्होंने बीते तहसील समाधान दिवस में जाकर इसकी लिखित शिकायत की थी लेकिन आज तक उसपर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। प्रधान के मुताबिक शनिवार को इसी जमीन पर लगे आम के पेड़ भी आरोपियों द्वारा काट दिए गए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि एक माह पूर्व करीब 26 यूके लिप्टिस के पेड़ भी इसी सरकारी जमीन से काट कर बेंच डाले गए हैं। इस संबंध में एसडीएम मलिहाबाद मीनाक्षी पांडेय ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल रूपेश गुप्ता से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा तहसील समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराए जाने की बात उन्होंने कही है।

### चलती ट्रेन से गिरकर युवक की हुई मौत

**द अचीवर टाइम्सद्रुसमर बहादुर सिंह**



**जायस (अमेठी)।** जायस रेलवे स्टेशन के निकट बहादुरपुर आरजीपीटीआई के पीछे रेलवे लाइन पर ट्रेन से गिरने की वजह से युवक की हुई मौत,खून से लटपत शव की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस जांच मे जुटी, मृतक युवक का अभी तक नही लग सका कोई पता, मामला जायस रेलवे स्टेशन के समीप का बताया जा रहा है।

### भाकियू संघर्ष के प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन विस्तार कर प्रदेश सचिव व वरिष्ठ सचिव किए नियुक्त

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** मेरठ रोड पर स्थित लव कुश ज्वेलर्स पर एक बैठक भारतीय किसान यूनियन संघर्ष के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा सराफा के नेतृत्व में शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी कमेटी का विस्तार करते हुए ग्राम उबारपुर निवासी सुभाष प्रधान को वरिष्ठ प्रदेश सचिव, ग्राम पूठा हुसनपुर निवासी वीरेंद्र प्रधान को वरिष्ठ प्रदेश सचिव, ग्राम अमरपुरा इमटोरी निवासी सूरजपाल सिंह को वरिष्ठ प्रदेश सचिव,ग्राम ददायरा निवासी विपिन प्रधान को प्रदेश सचिव तथा विक्रम पाल निवासी शाहबुद्दनगर को प्रदेश सचिव नियुक्त कर मनोनीत पत्र दिए गए। तो वही नियुक्त प्रदेश सचिव व वरिष्ठ प्रदेश सचिवों ने कहां कि जो हमें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संगठन की जो जिम्मेदारी दी है उसे हम ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। इस दौरान विजेंद्र, किरन पाल,आनंद, विजेंद्र शाहपुर, विनीत ठेकेदार व सचिन ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस की गोलियों से बचने के लिए खपरैल में छिप गया

**संवाददाता**

**खैराबाद/सीतापुर।** दो नवंबर 1990 की सुबह का समय था। अयोध्या में हजारों कारसेवकों का जत्था हनुमान गढ़ी के करीब पहुंच चुका था। उमा भारती के नेतृत्व में लाल कोठी की सकरी गली में कारसेवक बढ़े चले आ रहे थे। वहां से राम जन्मभूमि ज्यादा दूर नहीं थी। सरकारी फरमान था, कि कारसेवक किसी भी कीमत पर ढांचे तक नहीं पहुंचने चाहिए। अचानक पुलिस ने फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की तड़तड़ाहट से अयोध्या दहल उठी। इस गोलीकांड में दर्जनों कारसेवकों की मौत हो गई। कारसेवकों में भगदड़ मच गई। खैराबाद के बाजदारी टोला निवासी अयोध्या मौर्य आपबीती सुनाते हुए मानों उसी दौर में खो गए हों। बूढ़ी आंखें भर आईं। भावुक होकर बोले कि देखते ही देखते सड़क व गली खून से लाल हो गई। पुलिस की गोलियों से बचने के लिए गली में लगे खपरैल के ढेर का सहारा लिया। अपने और कुछ अन्य साथियों ने खपरैल ओढ़ ली। कुछ देर बाद वाहनों में शव भरकर सरयू में फेंके जाने लगे। अयोध्या और उनके दो साथी कमाल सरांय के आशुतोष मिश्र उर्फ भुल्लन तथा विष्णु चक्रवर्ती किसी तरह बचते-बचाते वापस घर लौट पाए थे। अयोध्या ने बताया कि अक्तूबर 1990 के आखिरी सप्ताह में तीनों लोगो ने अयोध्या में राम काज के लिए जाने मन बनाया था। इस बीच रेडियो पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का बयान सुना कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता।

# पूजित अक्षत एवं चित्र भेंट किये





**द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत**

**उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के भदेवना मे विश्व हिंदू परिषद का अब तक का सबसे बड़ा संपर्क अभियान अक्षत वितरण के साथ शुरू हो गया है. गांवों और शहरों के मोहल्लों में संघ और विहिप के कार्यकर्ता घर-घर जा कर लोगों को अक्षत देकर निमंत्रण दे रहे हैं। इस काम में संघ के सभी आनुषांगिक संगठनों को लगाया गया है मंदिर आंदोलन की अगुवाई करने वाले विश्व हिंदू परिषद यानी विहिप के युवा संगठन बजरंग दल के साथ संस्कार भारती, किसान भारती और विद्यार्थी परिषद जैसे संगठनों को भी लगाया गया है। इस अवसर पर सुरेश कुमार जिला संघ चालक नागेंद्र कुमार खंड विस्तारक धनंजय सिंह समाजसेवी विश्व हिंदू परिषद के सरोसी ब्लॉक उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने भदेवना स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर से शुरुआत कर पूरे गांव मे घर घर जाकर पूजित अक्षत एवं चित्र भेंट किये।

# नेहरू युवा केंद्र व यातायात पुलिस ने सड़कों पर उतरकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु लोगों को किया जागरूक

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**






**हापुड़।** शहर में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों का पालन करने हेतु सड़कों पर उतरकर शनिवार को लोगों को जागरूक किया गया तो उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम हापुड़ के जगह-जगह चौराहो पर जनवरी माह में आखिर तक चलेगा। सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यातायात पुलिस टीएसआई ओमकार सिंह सेहरावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नेहरू युवा केन्द्र के युवाओ ने सड़क सुरक्षा से सबंधित हेलमेट का उपयोग करने,गति सीमा का पालन करने, अन्य वाहनों से उचित दूरी बनाये रखने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करने से जान बचाने में सहायक हो सकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में टीएसआई ओमकार सिंह सेहरावत ने बताया कि हेलमेट का उपयोग न करने और वाहन चलाने से एक्सीडेंट में से 86 प्रतिशत लोगो की मौत होती है। वहीं सीट बेल्ट नहीं लगाकर वाहन चलाने से एक्सीडेंट होने पर 80 प्रतिशत लोग मृत्यु का शिकार हो जाते है। मोटर व्हिकल एक्ट के अनुसार बिना सीट बेल्ट बांधे वाहन चलाने पर धारा 194 (बी) के तहत 1000 रूपए जुर्माना एवं बिना हेलमेट के मोटरसाईकिल चलाने पर धारा 194 (डी) के तहत 1000 जुर्माना या तीन तक ड्राईविंग लाईसेंस निलंबित कर दंडित करने का का प्रावधान है। कुछ छोटी सावधानियों अपना कर शारीरिक नुकसान से बचा जा सकता है।

### अलाव ताप रहे पिता-पुत्र पर गिरी दीवार

**सीतापुर।** थानगांव क्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात अलाव ताप रहे पिता-पुत्र पर कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबकर दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आननफानन उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रामीपुर गोड़वा निवासी प्रेम सागर तिवारी (40) बृहस्पतिवार देर रात घर में अलाव ताप रहे थे। पत्नी रेनू देवी (35), पुत्र त्रिलोकी (8) और पुत्री नीतू (18) भी साथ में बैठे थे। पूरा परिवार घर के मुख्य द्वार से सटी मिट्टी की दीवार पर रखे छप्पर के नीचे बैठा था। तभी करीब 20 फीट ऊंची दीवार भरभराकर ढह गई। हादसे में पूरा परिवार चपेट में आ गया। मलबे में दबने से प्रेम सागर व पुत्र त्रिलोकी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पत्नी रेनू देवी व पुत्री नीतू को हल्की चोटें आईं। दो मवेशी भी चोटिल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी को मलबे से निकालकर सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्रेम सागर और त्रिलोकी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शीत लहर से ज्यादा है श्रीराम राम लहर.

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला



बिलग्राम। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में जहां एक ओर सभी सामाजिक संगठन और हिंदू संगठन श्री राम अक्षत घर घर बाट कर समाज के लोगों से दीपावली मनाने का आवाहन कर रहे है तो वही बाजार में दीपावली की तैयारियां शुरू कर दी गई है दीपक बनाने वाले कुम्हार का कहना है कि साहब ठंड तो बहुत है लेकिन शीत लहर से ज्यादा राम लहर है इसलिए हमें दिवाली की तैयारी चल रही है।मेरे पास दिए का ऑर्डर है इसको पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत करनी पड़ी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से चल रहे अक्षत वितरण अभियान के प्रमुख विहिप अनिल सेक्सना एवम सह अभियान प्रमुख सुधांशु खण्ड कार्यवाह आरएसएस ने बताया संघ एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता गांव स्तर पर 16 जनवरी से मंदिरों की साफ-सफाई एवं गांवों में संकीर्तन की योजना बनाकर 22 तारीख को दीपावली मनाने की तैयारी पूरी कर रहे हैं. विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष हरिनाम कुशवाहा ने बताया 22 तारीख को 11ः00 बजे से स्क्रीन लगाकर लाइव प्रसारण दिखाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। बीजेपी नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि पुराने सात मंदिरों की साफ-सफाई कर वहां पर दीप प्रज्वलित करने की जिम्मेदारियां जल्द ही आगामी एक दो दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी है। अक्षत वितरण कार्यक्रम के दौरान सह विभाग संघचालक प्रमोद कुशवाहा, नगर प्रचारक विशाल, नगर कार्यवाह अक्षत श्रीवास्तव, अशोक सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक समिति, आराध्य जिला बाल प्रमुख,उमेश सिंह खण्ड संघ चालक ,सह खण्ड कार्यवाह अपनेश, सुरेंद्र, रोहित पाल, राजीव कुमार राठौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# रजिस्टर में दर्ज किया पैमाइश का फर्जी निस्तारण दर्ज

**द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास**



**दरियाबाद।** कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व एसपी दिनेश सिंह पहुंच कर फरियादियों की शिकायतें सुनी और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।शिकायत सुनने के दौरान डीएम के सामने सरैयां चमारन के शिवकुमार पहुंचे और शिकायती पत्र दिया बताया कि पिता राजाराम ने कुछ गाटे की भूमि की वसीयत दूसरे भाई दीपचंद्र के नाम पर कर दिया है। उसमें हिस्सा नहीं मिला है। वहीं एसपी ने खूबा का पुरवा के राजबहादुर को फोन मिलाकर पूछा कि आपकी शिकायत में क्या समाधान हुआ, तो उसने बताया कि कोई समाधान नहीं। एसपी ने कहा रजिस्टर में पैमाइश कर निस्तारण दर्ज है लेकिन शिकायतकर्ता ने कहा कि निस्तारण ही फर्जी है। इस पर मामलें से डीएम को अवगत कराया गया। डीएम ने पूछा कि हल्का लेखपाल कौन है, बताया गया कि अंबुज मिश्र। डीएम ने उन्हें तलब किया। उधर एसपी ने हल्का दरोगा के बारे में जानकारी ली कहा कि समाधान रजिस्टर में शिकायतों के समाधान के साथ ही कांस्टबेल, दरोगा और राजस्व टीम का नाम मोबाइल नंबर दर्ज हो। राजस्व टीम बगैर पुलिस फोर्स के निस्तारण करने मौके पर न जाए। इस मौके पर थानाध्यक्ष शैलेंद्र आजाद, ईओ शीलू अवस्थी, चौकी इंचार्ज लालजी यादव, बृजानंद आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन



द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

बिलग्राम। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर के सांडी रोड पर स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में युवा विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ।स्वामी विवेकानंद के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया गया एवं पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर श्री कौशल जी विभाग प्रचारक ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। आज हम सभी एक ऐसे अवसर पर एकजुट हुए हैं जो हमारे युवा पीढ़ी के उत्थान का संकेत है ङ्क राष्ट्रीय युवा दिवस! यह दिन हमें स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को समर्पित करने का अवसर देता है, जो नेतृत्व, उत्साह, और ज्ञान और समर्पण के प्रति एक उदाहरण हैं। इस दिन को युवा लोगों के बीच जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। हमें स्वामी विवेकानंद के उदाहरण का अनुसरण करते हुए, नए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करना चाहिए। कार्यक्रम में सह विभाग संघचालक श्री प्रमोद , नगर कार्यवाह अक्षत , नगर प्रचारक विशाल, खण्ड सम्पर्क प्रमुख राहुल, आराध्य, भास्कर, अवनीत शर्मा टोनू,आलोक टीनू, जितेंद्र गुप्ता बब्लू, हिमांशु एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक

**संवाददाता**

**लखनऊ।** एक युवक के खाते से ऑनलाइन पैसा ठगी का मामला सामने आया हैं। आपको बता दें कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसूलपुर अहमदाबाद कटौली निवासी अनीश कश्यप ने थाने पर तहरीर के माध्यम से बताया है कि बीते बुधवार दोपहर बाद फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से कॉल आई और बहला फुसलाकर कर मैसेज के माध्यम से लिंक भेजा और बताया कि इस लिंक को खोलिए तो पैसा आएगा उपरोक्त लिंक खोलने पर छः बार में खाते से कुल पैसठ हजार रुपए गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिया। पीड़ित युवक ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करायी साथ ही स्थानीय थाने पर जालसाज के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# शिक्षामित्रों को हक दिला कर रहेंगेः सुशील कुमार यादव



**द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी**

**मलिहाबाद ।** ब्लॉक स्तर पर शिक्षामित्रों के कार्यकारणी के विस्तार को लेकर शिक्षामित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने अपने संबोधन में शिक्षामित्रों से कहा कि उन्हें उनका हक दिला कर रहेंगे चाहे कितना भी संघर्ष और मेहनत करनी पड़े। इस दौरान शिक्षामित्रों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। शनिवार को विकासखंड मलिहाबाद के रहीमाबाद में गहदो माल मार्ग पर नवनिर्मित प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के कार्यकारणी की एक बैठक हुई। इस बैठक में शिक्षामित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। क्षेत्र से आए सभी शिक्षामित्रों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि वह अपने शिक्षामित्र साथियों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें उनका हक वह दिलाकर रहेंगे चाहे जितना संघर्ष और मेहनत करनी पड़े। संबोधन के बाद प्रदेश महामंत्री ने क्षेत्र के सभी शिक्षामित्रों के कार्यकारणी का विस्तार किया। इस कार्यकारणी के विस्तार में बचनेश कुमार मलिहाबाद ब्लॉक अध्यक्ष, विनोद कुमार सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार कोषाध्यक्ष, कंचन यादव महामंत्री, कन्याकुमारी महिला मोर्चा अध्यक्ष, विमल कुमार सचिव, सत्येंद्र कुमार संरक्षक, युवराज उपाध्यक्ष, संतोष यादव संगठन मंत्री, बृजेश पाल ब्लॉक संरक्षक, तोताराम उपाध्यक्ष, राजेश कुमार सह संगठन मंत्री, राजेंद्र कुमार सह संरक्षक, बनवारी लाल सह महामंत्री, अशोक कुमार वरिष्ठ सचिव के पद पर कार्यकारणी के पदाधिकारी होंगे।

# 28 सेकंड के वीडियो में सामने आई वारदात दुकानदार ने भाई-बहन को मारी गोली

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में शुक्रवार सुबह बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में परचून दुकानदार ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से पड़ोसी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पड़ोसी व उनकी बहन गोली लगने से जख्मी हो गई। दोनों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार को लाइसेंसी रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया है। शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने के लिए पुलिस जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजेगी। ठाकुरगंज के दौलतगंज निवासी सागर कनौजिया के मुताबिक उनके पड़ोस में रहने वाले परचून दुकानदार मनोज मिश्र को शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे अपनी कार निकालनी थी। गली में ही सागर के भाई व नगर निगम के संविदा कर्मचारी मोनू (30) की बाइक



खड़ी थी। पड़ोसी मनोज ने मोनू और उनके घरवालों से बाइक हटाने के लिए कहा। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मनोज दौड़कर अपने घर से लाइसेंसी रिवॉल्वर निकाल लाया और दो से तीन राउंड फायरिंग कर दी। मोनू के कमर के पास व उनकी बहन मानसी (20) के पैर में गोली लगी और दोनों खून से लथपथ होकर गिर पड़े। मोहल्ले में फायरिंग से अफरातफरी मच गई। आरोपी मनोज पर घायल मोनू के बुजुर्ग पिता हरिप्रसाद से भी मारपीट करने का आरोप है। फायरिंग की सूचना पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने घायल मोनू और मानसी को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि मोनू के भाई सागर ने मनोज के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि घायल मोनू के खिलाफ भी तीन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। 2016 में उसपर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी। उसको जिलाबदर भी किया गया था। दुकानदार मनोज और पड़ोसी मोनू के परिजनों के बीच विवाद व फायरिंग का 28 सेकंड का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें मनोज रिवॉल्वर लिए है और कुछ लोग उसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच मनोज ने लोगों के बीच से ही गोली चला दी।

गोली लगने से घायल मोनू के भाई सागर कनौजिया ने बताया कि पड़ोसी मनोज मिश्र उनके परिवार से बेवजह रंजिश रखता है। वो अक्सर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगता है। कुछ साल पहले भी मनोज और उसके एक साथी ने इसी तरह असलहा दिखाते हुए उनके परिवार को धमकाया था। एसीपी चौक राजकुमार सिंह का कहना है कि आरोपी दुकानदार मनोज के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त करने के लिए रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जा रही है।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय संतों पर हमला निंदनीयः केशव प्रसाद मौर्य

# पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार के फेल होने का सुबूतः केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि पश्चिम बंगाल अराजकता की आग में झुलस रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह फेल हो चुकी है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सरकार सभी मोर्चों पर फेल हो चुकी है। वहां अराजकता का माहौल है। बीते दिनों प्रवर्तन निदेशालय की टीम के अफसरों पर हमला हुआ था और अब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के समय साधु-संतों पर हमला हुआ है। दोनों ही घटनाओं में टीएमसी के गुंडे शामिल हैं। आने वाले समय में पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी को उखाड़ फेंकेगी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, पश्चिम बंगाल अराजकता की आग में झुलस रहा है। पिछले दिनों




भी ईडी के अधिकारियों पर हमला करने वाले टीएमसी के लोग थे। वहां कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।


पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में भीड़ द्वारा साधुओं की पिटाई करने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिस पर भाजपा ने पश्चिम बंगाल सरकार पर हमला बोला है। वीडियो में साधुओं के एक समूह को भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर उन्हें पीटते हुए देखा गया है। घटना पर पुरुलिया के एसपी ने कहा, %तीन साधु वाहन से जा रहे थे। गौरांडीह के पास तीन लड़कियां स्थानीय काली मंदिर में पूजा करने जा रही थी। एक कार तीनों लड़कियों के पास आकर रुकी। साधु ने उन लड़कियों से कुछ पूछा और भाषा की दिक्कत के कारण उन लड़कियों को ऐसा लगा कि साधु उनका पीछा कर रहे हैं।% उन्होंने आगे बताया, %इस दौरान स्थानीय निवासी वहां पहुंचे। वे साधुओं को काली मंदिर ले गए और उनकी कार में तोड़फोड़ की। साधुओं के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने हर संभव साधुओ को सहायता प्रदान की।

### परस्पर तबादले के लिए देर रात तक निदेशालय में डटे रहे शिक्षक

**लखनऊ।** शिक्षकों का एक दल जहां निदेशालय पर धरने पर बैठा रहा। वहीं दूसरा दल सुबह पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला। उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है, वह बात करेंगे। प्रदेश में बेसिक विद्यालयों में एक से दूसरे जिले में परस्पर तबादले के लिए शिक्षकों का धरना दूसरे दिन शुक्रवार को भी बेसिक शिक्षा निदेशालय पर जारी रहा। शिक्षकों के अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह से भी मुलाकात की, हालांकि इसके बाद भी उनका इंतजार नहीं समाप्त हुआ। शिक्षकों का एक दल जहां निदेशालय पर धरने पर बैठा रहा। वहीं दूसरा दल सुबह पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला। उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है, वह बात करेंगे। इसके बाद शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मिला, उन्होंने इस मामले में बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव डॉ. एमकेएस सुंदरम से वार्ता की और इस पर कार्रवाई के लिए कहा।

## एक नज़र

### हृदय रोगियों के उपचार में यूपी अव्वल, प्रदेश को मिला प्रथम पुरस्कार



**लखनऊ।** हृदय रोगियों के उपचार में उत्तर प्रदेश अव्वल है। यहां सर्वाधिक मरीज ही नहीं देखे जाते हैं बल्कि हृदय रोगियों के उपचार में तकनीक का विकास और डॉक्टरों को अपडेट करने के लिए कार्यशाला भी होती है। इसके लिए उत्तर प्रदेश को कोलकाता में पिछले सप्ताह हुई कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) के 75वें डायमंड जुबली नेशनल कॉन्फ्रेंस में प्रथम पुरस्कार दिया गया। देशभर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिए जाने वाले इस पुरस्कार को यूपी-सीएसआई के मानद सचिव व केजीएमयू कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और शरद चंद्र ने प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक बैठकों, स्नातकोत्तर शिक्षण कार्यशालाएं और सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। यूपी सीएसआई के अध्यक्ष प्रो आदित्य कपूर ने कहा कि यह प्रो. शरद चंद्रा सहित पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है। सीएसआई के उपाध्यक्ष व एसजीपीआई के प्रोफेसर सत्येन्द्र तिवारी ने कहा कि यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि यहां मरीजों के प्रति पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए निरंतर नवाचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी चैप्टर भविष्य में भी पूरी लगन के साथ मरीजों की सेवा में डटा रहेगा। हृदय रोगियों के इलाज को सस्ता एवं सुगम बनाने के साथ ही ऐसे नई पीढ़ी को भी संवारने का काम करेगा ताकि कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में बेहतरीन डॉक्टर तैयार हों और मरीजों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

### अमिताभ और रजनीकांत होंगे खास मेहमान
### 300 श्रमिकों और भिक्षुकों को भी किया गया आमंत्रित



**लखनऊ।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में समाज के हर विशिष्ट व सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व होगा। सात हजार से कुछ अधिक मेहमानों को चार हजार धर्माचार्यों, तीन हजार से अधिक गृहस्थ और विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। बड़ी संख्या में नामचीन शख्सियतों के साथ जाने-पहचाने चेहरे होंगे। मंदिर के सृजन में सहभागी 300 श्रमिक और दान देने वाले भिक्षुक भी अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। 50 के करीब पद्म सम्मानों से विभूषित हस्तियां आएंगी। शहीद कारसेवकों के परिवार के 60 सदस्य भी पहुंचेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब सिर्फ नौ दिन शेष हैं। समारोह के अतिथियों को आमंत्रित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ज्यादातर खास व आम मेहमानों तक निमंत्रण पत्र पहुंच गया है। अन्य को भेजा जा रहा है। इस काम के लिए 15 जनवरी अंतिम तिथि तय की गई है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विहिप के वरिष्ठ पदाधिकारियों को रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से अतिथियों तक निमंत्रण पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ट्रस्ट ने 125 संत परंपरा के चार हजार धर्मगुरुओं को एक श्रेणी में रखा है। इनमें चारों पीठों ज्योर्तिमठ, गोवर्धन, शारदा व श्रंगेरी के शंकराचार्यों के साथ संन्यासी व वैरागियों के 13 अखाड़ों के प्रतिनिधि और महामंडलेश्वर शामिल हैं। सिख, जैन व बौद्ध धर्म के प्रमुख संत भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा स्वामी नारायण परंपरा, आर्ट आफ लिविंग और गायत्री परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध किया गया है। तिरुपति, वैष्णो देवी व काशी विश्वनाथ मंदिर समेत देश के सभी प्रसिद्ध मठ-मंदिरों के 200 ट्रस्टी भी समारोह के साक्षी बनेंगे। अयोध्या के स्थानीय 350 संत अलग से शामिल किए गए हैं। संत व धर्माचार्यों के अलावा ट्रस्ट ने तीन हजार से अधिक गृहस्थों को विभिन्न क्षेत्रों से चुना है। इसमें करीब 350 रिटायर्ड जज और वकील हैं। इसके अलावा कला जगत, फिल्म जगत, उद्योग जगत, सैन्य क्षेत्र, साहित्य, खेल, मीडिया, चिकित्सा, राजनीतिक, वैज्ञानिक, दानदाता व रंगमंच शामिल है। इन सभी क्षेत्रों की कई हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विश्व हिंदू परिषद समेत अन्य आनुषांगिक संगठनों के कई शीर्ष पदाधिकारियों की अलग से एक सूची बनाई गई है। इसरो के निदेशक नीलेश देसाई, फिल्म जगत से अमिताभ बच्चन, रजनीकांत, हेमा मालिनी, माधुरी दीक्षित, कंगना रनौत, आशा भोसले, अरुण गोविल, दीपिका चिखालिया, नितीश भारद्वाज, मधुर भंडारकर व प्रसून जोशी। उद्योग जगत से रतन टाटा, मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, चंद्रशेखरन, एसएन सुब्रम्ण्यम, खेल जगत से सुनील गावस्कर, कपिल देव, सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, धनुर्धर दीपिका कुमारी, गोपीचंद। कला क्षेत्र से अनूप जलोटा, अनुराधा पौडवाल, कैलाश खेर, मैथिली ठाकुर, कन्हैया मित्तल, स्वाति मिश्रा, न्यायिक क्षेत्र से पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई, सुधीर अग्रवाल, के परासरण।

### कार ने दो बाइकों में मारी टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**काकोरी।** पारा इलाके में बृहस्पतिवार रात तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइकों पर सवार दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। हरदोई के एकघरा गांव निवासी सुजीत कुमार (28) व काकोरी के टिकरिया गांव निवासी आशीष यादव बृहस्पतिवार रात दस बजे अपनी-अपनी बाइक से घर जा रहे थे। पुराना पारा तिराहे के पास अवध चौराहे की ओर से आ रही बेकाबू कार ने पीछे से दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी।

## दुल्हन की तरह सज रही है यूपी की राजधानी
### पूस के महीने में दिवाली जैसा रंग और रोशनी

एजेंसी

**लखनऊ।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले मेहमानों को लखनऊ से होकर गुजरना होगा। इसके लिए शहर पूरी तरह से तैयार है। रंग-रोगन से लेकर रोशनी तक पर काम हो रहा है। साफ-सफाई के साथ शहर रंग-बिरंगी झालरों में नहा रहा है। शुक्रवार को अयोध्या रोड पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोलों पर रंगीन स्पाइरल लाइटों को लगा दिया है। जिसे पूरी सड़क जगमग हो रही है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया। इसके अलावा जिलाधिकारी आवास के पास स्थित लक्ष्मण पार्क का भी दौरा किया। यहां की लाइट कटी हुई थी। जिसे लेसा से बात कर उन्होंने जुड़वाया। उसके बाद लक्ष्मण पार्क भी अब रोशन हो गया है। नगर आयुक्त ने बताया अयोध्या रोड की तरह शहर के सभी प्रमुख मार्गों को शहर की प्रवेश सीमा से ही सजाने



का काम किया जा रहा है। अयोध्या मार्ग एनएचएआई का है मगर नगर निगम ने स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने और पोल पर स्पाइरल लाइटों को लगाने का काम किया है। उधर शहीद पथ के पास रंग-रोगन का काम चल रहा है। अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर लखनऊ विश्वविद्यालय गुलाबी रोशनी से नहाएगा। इसके लिए लविवि एवं सभी महाविद्यालयों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाने के साथ सफाई कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा के निर्देशों के बाद शुक्रवार को विवि, सभी सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं अधिकारियों को संस्था में अवकाश करने, सफाई अभियान चलाने और परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश जारी किए। रजिस्ट्रार कार्यालय की ओर जारी पत्र के मुताबिक 22 से 26 जनवरी तक शैक्षणिक संस्थानों में प्रकाश की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

## एनटीपीसी की यूनिट नबंर दो से बिजली उत्पादन ठप
### यूनिट से 210 मेगावाट बिजली का होता था उत्पादन

एजेंसी

**लखनऊ।** एनटीपीसी परियोजना के ब्वॉयलर में रिसाव होने से यूनिट नंबर दो में बिजली उत्पादन बंद कर दिया गया है। हालांकि, जनसंपर्क अधिकारी का कहना है कि इसे सामान्य देखभाल के लिए बंद किया गया है। जल्द ही फिर से चालू किया जाएगा।



एनटीपीसी परियोजना में वार्षिक मरम्मत के पांच दिन पहले चालू की गई यूनिट नंबर दो के ब्वॉयलर में शुक्रवार की सुबह रिसाव हो गया। इससे यूनिट बंद हो गई। यूनिट बंद होने से 210 मेगावाट बिजली का उत्पादन ठप हो गया है। परियोजना के अधिकारियों ने सामान्य अनुरक्षण के लिए यूनिट बंद करने की बात कहते हुए जल्दी उत्पादन शुरू होने का दावा किया है। परियोजना में बिजली उत्पादन के लिए छह यूनिटें स्थापित हैं। इसमें पांच यूनिटों से 210 मेगावाट व छठवीं यूनिट से 500 मेगावाट सहित कुल 1,550 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जाता है। परियोजना की दूसरी यूनिट पिछले माह वार्षिक मरम्मत के लिए बंद की गई थी। लगभग एक माह तक उसके सभी कलपुर्जों की देखभाल की गई। जो खामियां थीं, उसे दूर कर बीते सोमवार को उसे चालू किया गया। शुक्रवार की सुबह यूनिट के ब्वॉयलर में रिसाव हो गया और यूनिट बंद हो गई। सूचना मिलते ही परियोजना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। यूनिट बंद होने से परियोजना में 210 मेगावाट बिजली उत्पादन कम हो गया है। इस समय परियोजना की पांच यूनिटों से 1,340 मेगावाट बिजली उत्पादन किया जा रहा है। परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट सामान्य देखभाल के लिए बंद की गई है। जल्द ही चालू की जाएगी।

## 15 जनवरी को अयोध्या में रामलला का दर्शन करेगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



एजेंसी

**अयोध्या।** 15 जनवरी को यूपी कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या जाएगा और रामलला के दर्शन करेगा। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय सहित सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में निमंत्रण ठुकराने के बाद राज्य इकाई द्वारा डैमेज कंट्रोल की कोशिश शुरू हो गई है। 15 जनवरी को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल अयोध्या जाएगा और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधान मंडल नेता अनुराधा मिश्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष निर्मल खत्री और पीएल पुनिया समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। सभी नेता लखनऊ से सड़क मार्ग से चलकर सहादतगंज बायपास होते हुए धर्म पथ के रास्ते राम की पैड़ी पहुंचेंगे। राम की पैड़ी से राम पथ होते हुए राम जन्मभूमि परिसर पहुंचेंगे और रामलला का दर्शन करेंगे।

### पत्नी, बेटे व सास को कमरे में बंद कर फौजी ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** पीजीआई इलाके में छुट्टी पर घर आए फौजी ने पत्नी, बेटे और सास को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। खुदकुशी का कारण नहीं पता चल सका। तेलीबाग की मधुबन विहार कॉलोनी निवासी फौजी कुलदीप कुमार नीरज (35) पंजाब में तैनात थे। सात जनवरी को वह छुट्टी पर घर आए थे। बृहस्पतिवार रात 11 बजे जब उनकी पत्नी अंजली, बेटा अर्क और सास कमरे में सोने चली गईं। तभी कुलदीप ने उनके कमरे में बाहर से कुंडी लगा दी और जीने की रेलिंग में गमछे से फंदा बांधकर फांसी लगा ली। देर रात करीब 12 बजे अंजली की नींद खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को फोन किया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खोला। फंदे पर लटके मिले कुलदीप को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

## मायावती को मिला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण शामिल होने पर विहिप ने दिया ये जवाब

एजेंसी

**लखनऊ।** अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती को भी आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्हें आमंत्रण पत्र भेजा गया है।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्हें निमंत्रण भेजा गया है। विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भेजा गया है। विहिप के अनुसार, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है लेकिन कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में फिल्म कलाकारों, वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों सहित अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, विश्व




हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने मीडिया से कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी कुरियर से निमंत्रण भेजा गया था अगर उन्हें निमंत्रण नहीं मिला तो फिर से भेजा जा सकता है। बीते दिनों अखिलेश यादव ने कहा था कि अगर उन्हें आमंत्रित किया गया तो वह अयोध्या जाएंगे। हालांकि, उन्होंने बाद में कहा था कि जब भगवान श्रीराम बुलाएंगे तब वह अयोध्या जाएंगे। निमंत्रण मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा था कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति के निमंत्रण पर कैसे जा सकता हूं जिसे मैं नहीं जानता। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उद्योगपति भी शामिल होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी ने कार्यक्रम में शामिल होने से इंकार कर दिया।

### प्रॉपर्टी डीलर का शव मिलने के मामले में हत्या का केस

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर प्रभात कुमार की मौत के मामले में पिता ने बृहस्पतिवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया है। बुधवार को प्रभात का शव रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में मिला था। सरोजनीनगर की हाईडिल कॉलोनी में रहने वाले प्रभात कुमार (32) प्रॉपर्टी डीलर थे। मंगलवार को उनका जन्मदिन था। प्रभात परिजनों से दोस्त लक्ष्मण के साथ जन्मदिन मनाने की बात कहकर रात आठ बजे निकले थे। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। प्रभात के पिता राज नारायण ने रात 11 बजे उनके मोबाइल पर फोन किया तो कॉल किसी अनजान व्यक्ति ने रिसीव की। उसने बताया कि वह पेशे से चालक है और ये मोबाइल उसे पड़ा मिला है। उसने राज नारायण को मौके पर आकर मोबाइल फोन ले जाने को कहा।

### ठिठुरन और कोहरे के साथ दिन की हुई शुरूआत

# पूरा प्रदेश शीत लहर की चपेट में

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शीत लहर का दौर शुरू हो गया है। ठंडी पछुआ हवाओं ने हाड़ कंपाना शुरू कर दिया है। कोहरा लगातार घना होता जा रहा है और कई इलाकों में कोल्ड डे कंडीशन बनी हुई है। शनिवार के दिन की शुरुआत ठिठुरन, गलन और कोहरे से हुई। कानपुर और आगरा शीत लहर की चपेट में रहे। तीन डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। आगरा 3.9 डिग्री तापमान के साथ ठंड में दूसरे स्थान पर रहा। पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा और दो से तीन डिग्री तक की कमी दर्ज की गई है। लखनऊ में बृहस्पतिवार जैसे ही हालात रहे और न्यूनतम तापमान



गिरावट के साथ 6.5 डिग्री की अपेक्षा 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, शीत लहर जैसे हालात की शुरुआत हो चुकी है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बनी हुई है। पछुआ हवाएं ठंड बढ़ा रही हैं। आने वाले दो दिन तक ऐसे ही हालात रहने के आसार हैं। हाड़ कंपाती शुष्क ठंड परेशान करती रहेगी इस दौरान घना कोहरा, शीत लहर और शीत दिवस का दायरा बढ़कर प्रदेश के कई अन्य इलाकों तक पहुंचने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक मो. दानिश के मुताबिक, प्रदेश के इन इलाकों में ठंड का ज्यादा असर देखने को मिल सकता है। ये इलाके हैं-कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावास्ती, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, रामपुर, मुरादाबाद, मैनपुरी प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, संत रविदासनगर, जौनपुर, गाजीपुर, सुल्तानपुर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, रायबरेली और आसपास। गोरखपुर, प्रयागराज, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, वाराणसी, बहराइच, फुर्सतगंज, बस्ती, शहजहांपुर में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा। यहां पर मौसम विभाग ने कोल्ड डे घोषित किया है।

### लखनऊ में दृश्यता शून्य पहुंची, प्रदेश में घना कोहरा

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, लखनऊ, कानपुर, आगरा, प्रयागराज में अत्यधिक घना कोहरा रहा। यहां पर दृश्यता शून्य पहुंच गई थी। झांसी, अलीगढ़, बनारस, गाजीपुर, उरई, हमीरपुर, इटावा, नजीबाबाद, बांदा और वाराणसी में दृश्यता 15 से लेकर 100 मीटर तक रही। शनिवार को भी कोहरे की चादर छाई रहेगी।

### सर्वाधिक ठंडी रात वाले शीर्ष 10 इलाके

कानपुर 3.0, आगरा 3.9, मेरठ- 4.8, अलीगढ़ 4.8, उरई 4.8, मुजफ्फरनगर 5.0, शाहजहांपुर 5.0, बरेली 5.2, चुर्क 5.2, बाराबंकी 5.5

# सम्पादकीय

## राम से जय श्रीराम तक के राम

'राम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा है। उनमें निर्गुणों का, सगुणों का सबका समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्म स्वरुप को देखते हैं। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही राम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। राम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिन्हित करना बहुत दूर की कोड़ी है। भारतीय समाज में राम उस वट-वृक्ष की तरह है जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधक, सम्बोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'राम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा है। उनमें निर्गुणों का, सगुणों का सबका समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्म स्वरूप को देखते हैं। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही राम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के राम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के राम भारतीय जनमानस में बसे राम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे राम हैं। राम ही हैं जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो सम्मान का सम्बोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवशयक आधार बन जाता है। राम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय है। भगवान राम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह चमत्कृत नहीं सबको आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीरं ÷निर्गुण राम जपहुं रे भाई। राम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तभी संभव हो भी पाया। राम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भो-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं-प्रतिघटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। राम भारतीय समाज की वैचारिक थाती है। राम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक है। इसलिए वह सर्वत्र है, सबके है और सब उनके है। रहीम खान-ए-खाना कहते है कि' रामचरित मानस हिन्दुओं के लिए ही नहीं मुसलमानों के लिए भी आदर्श है। 'तभी उन्होंने लिखा 'रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।'

राम किसी धर्म, देश, दुनियां की सीमाओं में सीमित नहीं है वह एक विलक्षण विचार हैं। साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती सबने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत 'राम न सकहिं नाम गुन गाहीं। 'अर्थात स्वयं 'राम' भी इतने समर्थ नहीं है कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते हैं 'राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलौं बूझै, बूझनहार विचारो। 'राम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता। गांधी के राम 'रघुपति राघव राजा राम' जब 22 जनवरी, 1921 को आज से लगभग एक सदी पूर्व 'यंग इंडिया' में उन्होंने लिखा, 'मेरे लिए राम, अल्लाह और गॉड सब एक ही हैं। 'इसी चिंतनधारा में संत विनोबा भावे जी राम, कृष्ण, बुद्ध को अवतार घोषित किए जाने के प्रश्न पर कहते हैं 'दरअसल विचार का ही अवतार होता है। लोग समझते हैं कि राम कृष्ण, बुद्ध, अवतार थे। हमने उन्हें अवतार बनाया है। अवतार व्यक्ति का नहीं विचार का होता है और विचार के वाहन के तौर पर मनुष्य काम करते हैं। युगानुकूल वैचारिकी खड़ी करते हैं। किसी युग में राम के रूप में सत्य की महिमा प्रकट हुई तो किसी में कृष्ण के रूप में प्रेम की, तो कभी बुद्ध के रूप में करुणा की।' भारत की हर एक भाषा में रामकथाएं कही गई हैं। भारत के बाहर फिलीपाईन्स, थाईलैंड, लाओस, मंगोलिया, साईबीरिया, मलेशिया, म्यांमार, स्याम, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा, कम्बोडिया, चीन, कपान, श्रीलंका, वियतनाम सभी में रामकथा के ढेरों स्वरूप मौजूद है। इससे स्पष्ट है कि यदि राम केवल राजा होते, न्यायी होते, सदाचारी होते, धर्म प्रवर्तक होते तो शायद उनकी स्मृति भी कब की क्षीण हो चुकी होती और वह इतिहास बनकर रह गए होते। राम इतिहास नहीं हैं वह तो हर पल नए निवर्तमान हैं। अपना कोई धर्म-पंथ न चलाते हुए भी धर्म का आदि और अंत हैं। स्थूल रूप में अपने समय में नर-लीला करते हुए भी अतीत नहीं हुए वर्तमान हैं। मौजूदा दौर का सवाल थोड़ा दुरुह है। क्या यह राम विचार का विश्राम है। जब राजनीति के राम जय श्रीराम हैं। 21वीं सदी की वैचारिक विमाओं में राम की भूमिका राष्ट्र निर्माण के किस रूप में अवतरित हों? आज यह यक्ष प्रश्न भारतीय चित्त की बड़ी चुनौती है। मौजूदा भारतीय नेतृत्व को नए राष्ट्र संगठक राम की तलाश है। राम की प्रतिष्ठा राजनीति से ज्यादा राष्ट्रनीति में निहित है। गंभीर सवाल यही है कि नई पीढ़ी के लिए राम कैसे हो? नयी सदी के नए दिमागों में राम की नई उपमाएं कैसे उगे? मौजूदा चुनौतियों को मानस मंथन की नयी व्याख्याएं कैसे हल करें। जब विश्व मानवता और विज्ञान के विकास का क्रम इतना सहज न रहा हो? क्या नई पीढ़ी का वाल्मिकि के 'राम' से काम चल जायेगा? या तुलसी, कबीर और रसखान के 'राम' से सब काम बन जायेगा। आजाद भारत में गांधी, निराला और रामानंद सहित भारतीय राजनीति 'राम' को कितना भारतीयता के निकट ला पाती है। युवा पीढ़ी की आधुनिकता को कितना राम समर्थित बना पाती है। आधुनिक राम और आध्यात्मिक राम में संतुलन साधने का उद्यम तो नई पीढ़ी के लिए आज नहीं तो कल करना ही होगा। जो जय श्रीराम के जयकारे से आगे बढ़कर हर दिल के हलकारे तक राम के रंग बिखेर सके। देश का हर जवान उमंगित हो उठे, झूम उठे, गा उठे ÷होली खेले रघुवीरा, अवध में............÷

नए भारत के ग्लोबल इंडिया के ये वे द्वंद्व हैं जो नए मुहावरों में राम को रमना चाहते हैं। क्या नयी सदी का भूमंडलीय भारत नई नैतिकताओं और नई सामूहिकताओं की नई सामाजिक संहिता की सैद्धांतिकी के साथ नए राम की रचना करने वाले नए नरेशन को राजनीति के बाहर विस्तारित कर पाएगा। यहीं वह सबसे मौजूं सवाल है जिसके जवाब में राम युगो-युगों तक भारत के भीतर प्राण संचार करने वाले जन-नायक रहे हैं। राम का जीवन चरित्र संघर्ष में भी धीरज देता है। घोर नैराश्य में भी साहस और संयम सिखाता है। राम एक आदर्श व्यक्तित्व के पूरक हैं। राम का पूरा जीवन ही संघर्षों और आदर्शों से लबालब है। राम एक आदर्श पुत्र, पति या भाई ही नहीं है भारतीय समाज के लिए मर्यादा हैं। विनय और विवेक के विनायक हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों और संयम के संवाहक राम हैं। एक मर्यादित, संयमित और संस्कारित जीवन की जीवंत झांकी है मर्यादा पुरुषोत्तम राम। राम का राज्य जन सेवा के लिए नीतिकुशल न्यायप्रिय राजा का हैं। पारिवारिक मूल्यों के लिए निष्ठावान पीढ़ी के संस्कार वाला जीवन राम का है। वैवाहिक आदर्शता की पराकाष्ठा को परोसते राम ने पिता के तीन विवाहों के वातावरण में भी सीता सी सती के लिए वियोगी जीवन संघर्ष जारी रखा। यह राम ही कर सकते हैं। राम का यह पारिवारिक व्यवहारिक जीवन-दर्शन भारतीय समाज की रग-रग में रमता है। उनके आदर्श उत्तर से दक्षिण तक सम्पूर्ण भारतवर्ष के जनमानस में जमें हुए हैं। राम का तेजस्वी और पराक्रमी स्वरूप भारत राष्ट्र को रक्षित रखता है। असीम क्षमता और अपार शक्ति वाले राम संयमित और मर्यादित जीवन जीते हैं।

# रामजन्मभूमि आंदोलन भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई

अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया रामजन्मभूमि आंदोलन 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैं शब्दातीत प्रफुल्लित हूँ कि हम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में एक भव्य श्रीराम मंदिर बनाने के मेरे सबसे प्रिय सपने को साकार होता देखने वाले हैं। 22 जनवरी, 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के दिव्य मंदिर में श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा करेंगे। मैं धन्य हूँ कि मैं अपने जीवनकाल में इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनूँगा। मेरा सदैव मानना रहा है कि एक सार्थक जीवन और समाज, दोनों की ही नींव आस्था पर टिकी होती है। आस्था व्यक्ति के जीवन में न केवल ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करती है, बल्कि उसे दिशा देने में भी सहायक होती है। मेरे लिए और करोड़ों भारतीयों के लिए, यही आस्था श्रीराम के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा रही है। श्रीराम भारत की आत्मा के प्रतीक है। भारत और भारतीयता की सच्ची आत्मा अनुशासन, सच्चाई, सत्यनिष्ठा, नैतिकता, नैतिक मूल्य, विविधता को स्वीकार करना और उस पर गर्व करना, बड़ों के प्रति सम्मान, सुदृढ़ पारिवारिक संबंध और ऐसे सभी उत्कृष्ट मानवीय मूल्य है; श्रीराम इन सभी निष्कलंक मानवीय गुणों के प्रतीक हैं। इसीलिए उन्हें %मर्यादा पुरुषोत्तम% कहा जाता है। वे भारतीयों की उच्च मूल्यों का जीवन जीने की आकांक्षा के एक आदर्श हैं। श्रीराम एक आदर्श राजा भी थे धर्म के जीवंत अवतार। इसलिए सुशासन के प्रतीक रामराज्य की अवधारणा को भारत के लिए आदर्श के रूप में प्रचारित किया गया। यद्यपि श्रीराम हिंदुओं के लिए पूजनीय पवित्र धार्मिक विभूति हैं, साथ ही वे भारत की उस सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय पहचान के भी एक प्रमुख प्रतीक हैं, जो समान रूप से प्रत्येक नागरिक की धरोहर है। श्रीराम के जीवन की कहानी, रामायण, भारत की सांस्कृतिक परंपराओं की निरंतरता का स्रोत और वाहक दोनों है और इसने शताब्दियों से पीढ़ी-दर-पीढ़ी, भारतीय मानस को बहुत प्रभावित किया है। इसलिए पिछले लगभग 500 वर्षों से, कोटि-कोटि भारतीयों की हार्दिक इच्छा रही है कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण हो।

अयोध्या में श्रीराम की जन्मभूमि पर मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए किया गया रामजन्मभूमि आंदोलन 1947 के बाद के भारत के इतिहास में एक निर्णायक और परिणामकारी घटना सिद्ध हुई। हमारे समाज, राजनीति तथा राष्ट्रीय पहचान की भावना पर इसका गहरा प्रभाव रहा है। मैंने सदैव कहा है कि मेरी राजनीतिक यात्रा में अयोध्या आंदोलन सबसे निर्णायक परिवर्तनकारी घटना थी, जिसने मुझे भारत को पुनः जानने और इस प्रक्रिया में अपने आप को भी फिर से समझने का अवसर दिया। मैं विनम्रता से कहता हूँ कि नियति ने मुझे 1990 में सोमनाथ से अयोध्या तक श्रीराम रथयात्रा के रूप में एक महत्त्वपूर्ण कर्तव्य निभाने का अवसर दिया। मेरा मानना है कि कोई भी घटना अंततः वास्तविकता में घटित होने से पहले व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में आकार लेती है। उस समय मुझे लग रहा था



कि नियति ने यह निश्चित कर लिया है कि एक दिन अयोध्या में श्रीराम का एक भव्य मंदिर अवश्य बनेगा॰ बस अब केवल समय की बात है। रामजन्मभूमि पर श्रीराम का एक भव्य मंदिर बनना भारतीय जनता पार्टी की प्रबल इच्छा और दृढ़ संकल्प रहा है। 1980 के दशक के मध्य में जब अयोध्या मुद्दा राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया, तो मुझे वह समय याद आया कि कैसे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद और के.एम. मुंशी जैसे राजनीतिक दिग्गजों के प्रभावी नेतृत्व द्वारा, सभी बाधाओं के बाद भी, स्वतंत्र भारत में एक और ऐतिहासिक मंदिर (गुजरात में सौराष्ट्र के तट पर प्रभासपाटन में सोमनाथ मंदिर) के पुनर्निर्माण का पथ प्रशस्त किया था। मध्य काल में सोमनाथ अनेक विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर रहा और उनके आक्रमणों का साक्षी भी रहा, तथा सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण अपने खोए सांस्कृतिक गौरव को वापस पाने और धर्मांध विदेशी आक्रांताओं के इतिहास को मिटाने के भारत के दृढ़ संकल्प का एक गौरवपूर्ण प्रमाण है। दुखद है कि सोमनाथ के समान ही, अयोध्या में श्रीराम के जन्मस्थान पर बना मंदिर भी मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाले आक्रमणकारी बाबर के हमले का निशाना बन गया था। 1528 में बाबर ने अपने कमांडर मीर बाकी को अयोध्या में एक मस्जिद बनाने का आदेश दिया, ताकि उस स्थान को फरिश्तों के अवतरण का स्थान बनाया जा सके, इसलिए इसका नाम बाबरी मस्जिद पड़ा। यह सभी मानते हैं और बाद में पुरातात्त्विक साक्ष्यों से इसकी पुष्टि भी हो गई कि अयोध्या में पहले से ही एक मंदिर था, जिसे मस्जिद की स्थापना के लिए ध्वस्त कर दिया गया था। इस कारण, कई अर्थों में अयोध्या आंदोलन ने सोमनाथ की भावना को ही आगे बढ़ाया। 1990 में जब भाजपा ने निर्णय लिया कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में मुझे अयोध्या आंदोलन के लिए जनसमर्थन जुटाने के उद्देश्य से श्रीराम रथयात्रा का नेतृत्व करना चाहिए, तो मैंने स्वाभाविक ही इस ऐतिहासिक यात्रा के आरंभिक स्थल के रूप में सोमनाथ को चुना। 12 सितंबर, 1990 को मैंने 11 अशोक रोड, नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और 10,000 किलोमीटर लंबी रथयात्रा करने के अपने निर्णय की घोषणा की। यात्रा 25 सितंबर को सोमनाथ से आरंभ होकर 30 अक्तूबर को अयोध्या पहुँचने वाली थी, जहाँ आंदोलन से जुड़े संतों की योजना के अनुसार कारसेवा की जानी थी। 25 सितंबर मेरे लिए विशेष था, क्योंकि इस दिन पं. दीनदयाल उपाध्यायजी की जयंती है।

अपनी आत्मकथा मेरा देश मेरा जीवन में मैंने 1990 में अयोध्या आंदोलन और श्रीराम रथयात्रा के विषय में विस्तार से चर्चा की है। आज के इस विशेष अवसर पर में इसके कुछ महत्त्वपूर्ण अंशों को याद दिलाना चाहूँगा। 25 सितंबर, 1990 की सुबह मैंने सोमनाथ मंदिर में ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना की। मेरे साथ वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी (जो उस समय भाजपा के एक होनहार नेता थे), श्री प्रमोद महाजन (जो पार्टी के महासचिव थे), गुजरात में पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और मेरे परिवार के सदस्य थे। पार्टी के दो उपाध्यक्ष राजमाता विजयाराजे सिंधिया और श्री सिकंदर बख्त रथ को हरी झंडी दिखाने आए थे। रथ को रवाना करने से पहले हम सभी ने मंदिर के ठीक बाहर सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मैंने मन-ही-मन उन सभी महापुरुषों को धन्यवाद दिया और उनसे प्रेरणा ली, जिन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए कड़ा परिश्रम किया था। स्वागत और आशीर्वाद देने के लिए एकत्र हुई भारी भीड़ के बीच हम श्रीराम रथ पर चढ़े, जिसे गेंदे के फूलों से सजाया गया था। फिर गुंजायमान शंखनाद ओर जय श्रीराम व %सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएँगे के गगनभेदी नारों के साथ रथ आगे बढ़ा। बाद के दिनों में ये नारे मेरी यात्रा की पहचान बन गए और भारत की स्वर कोकिला, स्वर सम्राज्ञी स्वर्गीय श्रीमती लता मंगेशकर द्वारा गाया गीत ÷राम नाम में जादू ऐसा, राम नाम मन भाए; मन की अयोध्या तब तक सूनी, जब तक राम न आएँ÷- रथयात्रा का मुख्य गीत बन गया। गुजरात में पहले कुछ दिनों में ही यात्रा को मिले प्रतिसाद और उसके प्रति उत्साह से में वास्तव में अभिभूत था। सभी स्थानों पर भारी भीड़ ने रथ का स्वागत किया। गाँवों, कस्बों और यहाँ तक कि सड़कों पर भी, आस-पास की बस्तियों के लोग पेड़ों के नीचे इकट्ठा होकर रथ के आने की उत्सुकता से प्रतीक्षा किया करते थे। बड़े कस्बों और शहरों में यह अपूर्व उत्साह चरम पर पहुँच गया था, जिसके कारण हमें अपनी बैठकों के स्थल तक पहुँचने में घंटों लग जाते थे। यह जनसमर्थन महाराष्ट्र के साथ-साथ उसके बाद के सभी राज्यों में भी उत्तरोत्तर बढ़ता गया, जहाँ-जहाँ से यात्रा गुजरी। जगह-जगह लोगों ने भव्य तोरणद्वार बनाकर और पुष्पवर्षा करके रथ का स्वागत किया। मेरे लिए सबसे आश्चर्यजनक दृश्य वह था, जिसमें लोग, विशेष रूप से महिलाएँ, रथ के आगे आकर आरती करती थीं और सिक्के चढ़ाती थीं, जैसे कि वे किसी मंदिर में प्रार्थना कर रही हों। मुझे शीघ्र ही अनुभव हुआ कि अनेक लोगों के लिए, इस अभियान की दृष्टि से मैं इतना महत्त्वपूर्ण नहीं था और मेरे द्वारा इसका नेतृत्व करना मात्र एक संयोग था। मैं तो केवल एक सारथी था; रथयात्रा का प्रमुख संदेशवाहक स्वयं रथ ही था। और यह पूजा के योग्य इसीलिए था, क्योंकि यह श्रीराम मंदिर के निर्माण के पवित्र उद्देश्य की पूर्ति के लिए उनके जन्मस्थान अयोध्या जा रहा था। इस बिंदु पर मैं उस %रथ% के विषय में कुछ कहना चाहूँगा, जिसमें मैंने यात्रा की थी। वह वास्तव में एक मिनी ट्रक था, जिसे रथ का आकार देने के लिए रीडिजाइन किया गया था और इसमें मूलभूत सुविधाएँ प्रदान की गई थीं। रथ में यात्रा करना मेरे लिए वास्तव में एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव था, लेकिन इसने अपनी ही अनेक चुनौतियाँ भी प्रस्तुत कीं। वाहन के पीछे एक छोटा कमरा-सह-शौचालय था, जिसका उपयोग केवल तभी किया जा सकता था, जब वाहन चल न रहा हो, क्योंकि यह बहुत उछलता था। मुझे याद है कि अपना संतुलन बनाए रखने के लिए मुझे अधिकतर चलती गाड़ी के मंच पर सामने और किनारे पर लगी रॉड को पकड़कर खड़ा होना पड़ता था। निस्संदेह इस कारण लगातार गरमी और धूल का भी सामना करना पड़ता था, क्योंकि मंच तीन तरफ से खुला था। इसके अलावा रथ के चलते समय यह असंभव था कि मैं पानी, जूस या चाय बिना गिराए पी सकूँ। इसलिए इस समस्या को दूर करने के लिए एक विशेष सिपर बोतल की व्यवस्था की गई। जहाँ तक भोजन की बात है, तो ऐसी व्यवस्था की गई थी कि रात का खाना उस शहर के अपनी पार्टी के किसी कार्यकर्ता के घर से आएगा, जहाँ हमें रात्रि विश्राम के लिए पहुँचना था। चूंकि अंतिम सार्वजनिक बैठक हमेशा आधी रात के लगभग ही समाप्त होती थी, इसलिए मैं सामान्यतया मुरब्बा टोस्ट के साथ सिर्फ एक गिलास दूध ही लेता था। एक और समस्या हमें अक्सर रथ की ऊँचाई के कारण आती थी। हालांकि पार्टी के अधिकारियों ने यात्रा के मार्ग में विभिन्न गंतव्यों तक वाहन की ऊँचाई के बारे में अग्रिम जानकारी प्रसारित की थी, लेकिन जैसे-जैसे हम छोटे कस्बों और शहरों से गुजरते थे, ऊपर लटकते बिजली के तारों के कारण बार-बार रुकावट आती थी। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तारों को रास्ते से हटाने के लिए लकड़ी के अधिक लंबे खंभों की व्यवस्था की और रथ के साथ चलना भी शुरू कर दिया। वैसे, ये सभी वास्तव में छोटी समस्याएँ थीं, जो मेरी श्रीराम रथयात्रा की सुंदर व सुखद स्मृतियों का एक लघुतर भाग है। यात्रा के सबसे मर्मस्पर्शी क्षण गाँवों और दूरदराज की बस्तियों में अनुभव हुए, जहाँ ग्रामीणों के चेहरे पर भक्तिभाव और श्रद्धा शहरों की तुलना में अधिक थी। उनमें से कई या तो अशिक्षित थे या नाममात्र के शिक्षित थे। उन्होंने श्रीराम के बारे में पढ़कर नहीं जाना था। यह ऐसा था मानो इनका ज्ञान उनके माध्यम से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में प्रवाहित हो रहा हो, लोककथाओं या मौखिक रूप से प्रसारित हो रहा हो, जैसा कि आमतौर पर भारतीय समाज में होता है। कई स्थानों पर, मुझे कोई ऐसा ग्रामीण व्यक्ति मिल जाता था, जो बिना कोई नारा लगाए चुपचाप आता, रथ के सामने पूजा करता, मुझे अभिवादन करता और चला जाता। मैं वास्तव में इस तरह के अनुभवों से अभिभूत था, क्योंकि इससे मुझे प्रत्यक्ष रूप से पता चला कि भारतीय लोगों के जीवन में धार्मिकता की जड़ें कितनी गहरी जमी हुई हैं। यह रथयात्रा ही थी, जिसने मुझे अनुभूति कराई कि यदि मुझे धार्मिक बातों के माध्यम से राष्ट्रवाद का संदेश देना है, तो मैं इसे अधिक प्रभावी ढंग से और व्यापक जनसमूह तक पहुँचा पाऊँगा। मेरे भाषण, जो अधिकतर वाहन पर विशेष रूप से बनाए गए ऊँचे मंच से दिए जाते थे, लगभग पाँच मिनट के ही होते थे, क्योंकि मुझे हर दिन सड़क किनारे ऐसे लगभग बीस से पच्चीस स्वागत समारोहों को संबोधित करना पड़ता था। अधिकांश कस्बों और शहरों में, मुझे नीचे उतरकर सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करना पड़ता था, जिसमें हजारों लोग शामिल होते थे। मैं यात्रा के उद्देश्य और उन परिस्थितियों के बारे में बताता था, जिन्होंने भाजपा को रामजन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए विवश किया था। हालाँकि रथयात्रा पर लोगों की प्रतिक्रिया मुख्य रूप से धार्मिक थी, जबकि मेरे भाषणों का बल राष्ट्रवाद पर था, क्योंकि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि श्रीराम मंदिर का मुद्दा आंतरिक रूप से हमारी भारतीयता की भावना से जुड़ा है। मेरे भाषणों में बार-बार दोहराया जाने वाला एक विषय यह था कि धार्मिक आस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की शक्ति सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र-निर्माण में अहम योगदान दे सकती है। मैंने हमारे मुस्लिम भाइयों को स्वतंत्र भारत में समानता प्राप्त होने पर बल दिया, जो भारत के ईश्वर शासित न होने और धर्मनिरपेक्ष बने रहने के कारण संभव हुआ। मैंने कहा, यह मुख्यतः हिंदू धर्म के सदियों पुराने धर्मनिरपेक्ष लोकाचार के कारण था। मैंने मुस्लिम समुदाय के नेताओं से अयोध्या पर हिंदू भावनाओं का सम्मान करने की भी अपील की। मेरी यात्रा 24 अक्तूबर, 1990 को उत्तर प्रदेश के देवरिया में प्रवेश करने वाली थी। हालांकि, जैसा कि मैंने अनुमान लगाया था, इसे 23 अक्तूबर को बिहार के समस्तीपुर में रोक दिया गया और श्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली जनता दल सरकार द्वारा मुझे गिरफ्तार कर लिया गया। मुझे बिहार-बंगाल सीमा पर दुमका के पास मसानजोर नामक स्थान पर सिंचाई विभाग के एक निरीक्षण बंगले में ले जाया गया। इस कार्रवाई पर पूरे देश में आक्रोश और बड़ी संख्या में स्वतः स्फूर्त विरोध प्रदर्शन किए गए। यह वह समय था, जब मोबाइल फोन नहीं थे। मेरी गिरफ्तारी की खबर मेरी बेटी प्रतिभा तक बड़े दिलचस्प ढंग से पहुँची, जो उस समय कोलकाता में थी। वह अपने घर वापस जाने के लिए टैक्सी की प्रतीक्षा में थी, तभी एक टैक्सी ड्राइवर ने उनसे कहा कि वह झटपट सवार हो जाएँ। जब प्रतिभा ने उनसे पूछा कि वह ऐसा क्यों कह रहे हैं, तो टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें बताया कि आडवाणी बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया है और लोगों को डर था कि शहर में दंगे हो सकते हैं! दो दिन बाद, प्रतिभा ने लालू प्रसाद यादवजी से बात की, जिन्होंने मेरी हिरासत के दौरान उन्हें मसानजोर में मुझसे मिलने आने में सहायता की। पाँच सप्ताह हिरासत में बिताने के बाद मुझे रिहा कर दिया गया। इस प्रकार मेरी श्रीराम रथयात्रा समाप्त हुई, जो वास्तव में मेरे राजनीतिक जीवन का एक अद्भुत अविस्मरणीय उत्साहवर्धक प्रसंग था। मुझे प्रसन्नता हुई कि यात्रा ने अपने अनगिनत प्रतिभागियों की आकांक्षाओं, ऊर्जा और उत्साह को अपूर्व विस्तार दिया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान शुरू हुई एक महत्त्वपूर्ण बहस वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और छद्म धर्मनिरपेक्षता के बीच का अंतर थी। एक ओर, आंदोलन को व्यापक जन समर्थन प्राप्त था, वहीं दूसरी ओर, अधिकांश राजनीतिक दल इस आंदोलन का समर्थन करने से इसलिए कतरा रहे थे, क्योंकि उन्हें मुस्लिम वोट खोने का डर था। वे वोट बैंक की राजनीति के लालच में आ गए और उसे धर्मनिरपेक्षता के नाम पर उचित ठहराने लगे। इस प्रकार, अयोध्या मुद्दा, जिसका प्राथमिक उद्देश्य श्री रामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण था, छद्म धर्मनिरपेक्षता के हमले के कारण धर्मनिरपेक्षता के वास्तविक अर्थ को पुनःस्थापित करने का प्रतीक भी बन गया। मेरी श्रीराम रथयात्रा को 33 वर्ष हो गए हैं। तब से बहुत कुछ घटित हुआ, इसमें वो कानूनी लड़ाई भी शामिल है, जिसमें मुझ पर तथा विश्व हिंदू परिषद्, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के मेरे कई सहयोगियों पर मुकदमा चलाया गया। फिर लगभग तीन दशकों के बाद, 30 सितंबर, 2020 को, सीबीआई की विशेष अदालत ने मुझे और अन्य लोगों को बरी कर दिया और सभी आरोपों से मुक्त किया। यह ध्यान देने योग्य है कि एक तरफ जहाँ लंबी कानूनी लड़ाई चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ, न केवल मैं, बल्कि भाजपा और संघ परिवार का प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीयों की आत्मा को जागृत करने के कार्य में जुटा रहा ताकि रामलला को अपने वास्तविक निवासस्थान पर विराजमान करने का सपना साकार हो सके। मुझे बहुत प्रसन्नता है कि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के निर्णायक फैसले के कारण श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण का पथ शांति के वातावरण में प्रशस्त हुआ है। अब जब भव्य श्रीराम मंदिर अपने निर्माण के अंतिम चरण में है, तो मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार, सभी संगठनों, विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, अनगिनत रथ यात्रा के सहयोगियों, संतों, नेताओं, कारसेवको और भारत तथा दुनिया के सभी लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता की भावना से भर गया हूँ, जिन्होंने कई दशकों तक अयोध्या आंदोलन में बहुमूल्य योगदान और बलिदान दिया। आज मुझे दो व्यक्तियों की बहुत याद आ रही है। पहले व्यक्ति हैं स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो मेरे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं, राजनीतिक और व्यक्तिगत, दोनों ही तौर से और जिनके साथ मेरा एक अटूट और सदाकालीन विश्वास, स्नेह और आदर का संबंध था। दूसरी व्यक्ति हैं मेरी दिवंगत पत्नी कमला, जो मेरे जीवन के लिए स्थिरता का मुख्य आधार रहीं और न केवल श्री राम रथ यात्रा के दौरान, बल्कि मेरे लंबे समय के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में अद्वितीय शक्ति का स्रोत बनी रहीं। आगामी 22 जनवरी, 2024 के विशेष अवसर से पहले पूरे देश का वातावरण सचमुच राममय हो गया है। यह मेरे लिए संतुष्टि का क्षण है, न केवल संघ और भाजपा के एक गौरवान्वित सदस्य के रूप में, बल्कि हमारी गौरवशाली मातृभूमि के एक गर्वित नागरिक के रूप में भी। सभी देशवासियों को मेरी अनंत शुभकामनाएँ! जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, तो वह हमारे महान भारतवर्ष के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह मेरा अटल विश्वास है और मेरी आशा भी कि यह मंदिर सभी भारतीयों को श्रीराम के गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूँ कि हमारा महान देश न केवल वैश्विक शक्ति बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, बल्कि जीवन के सभी क्षेत्रों में अपने आप को गरिमा और मर्यादा के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करें। मैं श्रीराम के चरणकमलों में शीश झुकाता हूँ। वह अपना आशीर्वाद सभी पर बनाये रखें।

**जय श्रीराम !**

**-लाल कृष्ण आडवाणी**

**(लेखक भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं।)**

# विफल विवाह की वेदी पर मासूम और स्त्री की स्थापित छवियों को ध्वस्त करती एक घटना



झूठी सूचना देने से लेकर सूटकेस में अपने बेटे के शव को लेकर घंटों बैठे रहने तक, इस जघन्य कृत्य के दौरान सूचना सेठ का संयम एक ऐसे व्यक्ति की भयावह तस्वीर पेश करता है, जिसे एक स्त्री और एक मां, दोनों रूप में समझना मुश्किल है।

वर्तमान में देश की सबसे बदनाम महिला और अपने चार वर्षीय बेटे की हत्या की आरोपी मां सूचना सेठ ने गिरफ्तारी से ठीक पहले बंगलूरू जाते हुए रास्ते में ढाबे पर पूड़ी और आलू की सब्जी का नाश्ता किया था। कथित रूप से अपने बच्चे के शव को सूटकेस में ले जा रही मां का रास्ते में रुककर खाना खाना असंख्य लोगों के लिए अकल्पनीय है। सूचना सेठ साधारण महिला नहीं है। 40 वर्षीय यह महिला तेजी से सफलता पाने वाले एआई स्टार्ट-अप की संस्थापक है, जिसका एआई स्टार्ट-अप की दुनिया में नाम है। प्रमुख उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों की सूची में शामिल सूचना हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की फेलो भी थी। सोशल मीडिया पर उसकी उपस्थिति एक कलात्मक रुझान वाले व्यक्ति की छवि पेश करती है। उसके ज्यादातर इंस्टाग्राम पोस्ट कलाकृति को प्रदर्शित करते हैं। अंतिम इंस्टाग्राम पोस्ट में उसके बेटे चिन्मय की तस्वीर है, जिसके साथ अब एक भयानक कैप्शन है-आगे क्या? दुखद है कि हम उस छोटे से बच्चे के साथ हुए हादसे के बारे में जानते हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट बताती है कि संभवतः तकिये से दबाकर उसकी हत्या की गई और चौंकाने वाली बात है कि उसकी अपनी मां ही कथित अपराधी है। इस हृदय विदारक घटना से पहले उसकी शादी विनाशकारी रूप से बर्बाद हो गई, जिसके विषाक्त नतीजे ने उसे एक मासूम की अकल्पनीय हत्या के लिए दुष्प्रेरित किया। सूचना और उसके पूर्व पति वेंकटरमन बंगलूरू में एक-दूसरे से मिले। दोनों की उम्र तब लगभग बीस वर्ष थी। उनकी महत्वाकांक्षा व तकनीक के प्रति उत्साह उन्हें भारत की %सिलिकन वैली% ले आई, जिसने उनके रोमांस को भी परवान चढ़ाया। सूचना पश्चिम बंगाल से ताल्लुक रखती थी और वेंकट केरल से थे, पर तकनीक के प्रति जुनून ने उन्हें एक साथ ला दिया। नौ वर्षों की शादी में इस दंपति ने अगस्त, 2019 में अपने एकमात्र पुत्र चिन्मय का नन्हे मेहमान के रूप में स्वागत किया। दंपति से परिवार बनना उनके जीवन का एक नया अध्याय था, लेकिन यह अलगाव का कारण बन गया। चिन्मय के जन्म ने उन दोनों के बीच एक गहरी खाई की शुरुआत का संकेत दिया। पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति को कोविड लॉकडाउन ने और बढ़ा दिया, जिसने उन्हें नवजात शिशु के साथ घर में ही कैद कर दिया था। अगस्त, 2022 तक रिश्ता पूरी तरह टूट चूका था, और तलाक की अर्जी दाखिल की गई थी। सूचना ने वेंकट पर घरेलू उत्पीड़न का आरोप लगाया और अदालत में अपने आरोप के समर्थन में वाट्सएप मैसेज एवं तस्वीरें पेश कीं। वेंकट ने इन आरोपों से इन्कार किया, लेकिन अदालत ने उसे सूचना के घर में प्रवेश करने से रोक दिया। इस कड़वी कानूनी लड़ाई के बीच सूचना जीवन में आगे बढ़ती दिख रही थी। एक कामकाजी एकल मां के रूप में जीवन को संतुलित करते हुए वह अपने बेटे के साथ एक लक्जरी अपार्टमेंट में रहने लगी। उसके पड़ोसियों ने ध्यान दिया कि वह कटी-कटी स्वभाव की है और देर तक काम करती है। हालांकि तलाक की कड़वाहट बढ़ती गई। सूचना ने अधिक कमाई का हवाला देते हुए वेंकट से पर्याप्त भरण-पोषण की मांग की, जबकि वह कम भरण-पोषण दे रहा था और बेटे से मिलना चाह रहा था, जिसे सूचना मुश्किल बना रही थी। तलाक हालांकि असामान्य बात नहीं है, लेकिन अक्सर कठिनाई से भरा होता है और कभी-कभी हिंसा का कारण बन जाता है। दिसंबर, 2023 में अदालत ने वेंकट को हर रविवार अपने बेटे से मिलने की अनुमति दी। इस फैसले से सूचना परेशान हो गई और वह नियंत्रण खो बैठी। विफल विवाह ने उसके मन में आक्रोश के बीज बो दिए थे, जिसे उसके मौन क्रोध ने लगातार पोषित किया। उसने अपने दोस्तों और परिवार वालों को बताना शुरू कर दिया कि वेंकट से उसके बेटे की समानता ने उसके गुस्से को भड़का दिया है, जो कि ऐसी पारिवारिक समानताएं पैदा करने वाले सामान्य स्नेह के बिल्कुल विपरीत है। जब सूचना छह जनवरी को अपने बेटे के साथ छुट्टियां मनाने गोवा गई थीं, तो लगता है कि उसने पहले से ही मन बना लिया था। आगे की घटनाएं उसके पूर्वचिंतन का संकेत देती हैं, जो बेहद परेशान करने वाला है। जिस क्षण से सूचना सेठ गोवा की फ्लाइट में सवार हुई, एक विला में ठहरी, कफ के बहाने से कफ सिरफ की बोतलों के लिए अजीब तरीके से अनुरोध किया, इन घटनाओं के क्रम से लगता है कि उसने सब कुछ पहले ही तय कर लिया था। पी गई कफ सिरफ की बोतलों का इस्तेमाल संभवतः अबोध बेटे को बेहोश करने के लिए किया गया था। पुलिस को झूठी सूचना देने से लेकर सूटकेस में अपने बेटे के शव को लेकर घंटों टैक्सी में बैठे रहने तक, इस जघन्य कृत्य के दौरान सूचना का संयम एक ऐसे व्यक्ति की भयावह तस्वीर पेश करता है, जिसे एक स्त्री और एक मां, दोनों रूप में समझना मुश्किल है। यह त्रासदी इस बात को रेखांकित करती है कि कैसे दो वयस्कों के तलाक की कड़वाहट ने एक चार वर्षीय मासूम की जान ले ली।

# मुख्यमंत्री करेंगे राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व पीएमआई

# इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 ई-बसों को रवाना

❖ एयरकंडीशंड ई-बसों से गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा आम जनता को मिलेगी।

❖ सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की सुविधा, अयोध्या में ई-बसों से ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को बढ़ावा


**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**




**अयोध्या।** अयोध्याधाम में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 100 इलैक्ट्रिक बसों (ई-बसों) को इस पावन नगरी में यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ज़ीरो-कार्बन पब्लिक मोबिलिटी पहल के अंतर्गत, 14 जनवरी, 2024 को अयोध्याधाम बस स्टैंड से इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये ई-बसें अयोध्या पहुंचने वाले गणमान्य जनों, तीर्थयात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों के लिए शहर में आवागमन हेतु सार्वजिनक परिवहन की पर्यावरण अनुकूल एवं आरामदायक सुविधा प्रदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि इन ई-बसों से शहर को प्रदूषण मुक्त रखने तथा ग्रीन ट्रांसपोर्ट मिशन को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। 'मेक-इन-इंडिया' पहल के अंतर्गत, भारत में ई-बसों के अग्रणी निर्माता पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी इंडिया के पास राज्य में ई-बसों का सबसे बड़ा बेड़ा है। इस मौके पर, डॉ आंचल जैन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रा लिमि ने कहा, ÷हमें इस बात की बेहद खुशी है और हम खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि ये ई-बसें श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से ठीक पहले परिचालन शुरू करेंगी। यह पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी के लिए गर्व का अवसर है कि हमारी ई-बसें अयोध्या नगरी में चलेंगी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 2070 तक नैट जीरो राष्ट्र का लक्ष्य साकार करने में योगदान करेंगी। हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आभारी हैं जिन्होंने हमें राज्य में ग्रीन पब्लिक मोबिलिटी परिचालनों को मजबूती प्रदान करने का यह अवसर दिया है। हमारी ई-बसेंदेशभर में अपनी क्षमताओं को पहले ही प्रमाणित कर चुकी हैं और ये देश में पर्यावरण सुधार में भी सहायक होंगी। समूचे उत्तर प्रदेश में पीएमआई इलैक्ट्रो मोबिलिटी की 700 ई-बसें पहले से ही तैनात हैं जिनसे 11036 टन कार्बन फुटप्रिंट में कटौती करने के साथ-साथ 1,62,06,750 लीटर/1.46 करोड़ रु का डीज़ल खर्च बचाने में भी मदद मिलेगी। डॉ जैन ने कहा, ÷हम सार्वजिनक परिवहन के विद्युतिकरण के राज्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को और मजबूत बनाने को लेकर उत्सुक हैं और आने वाले समय में राज्य के सभी प्रमुख शहरों के लिए और भी ई-बसें उपलब्ध कराएंगे। अयोध्या में ज़ीरो कार्बन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां इन ई-बसों को सार्वजनिक परिवहन बेड़े में शामिल किया गया है।

## अमरीका जाकर बही, ज्ञान समीर सुगंध,भारत मां तब कह उठी धन्य विवेकानंद-डॉ अनिल बाजपेई

## एलायंस क्लब हापुड सर्वोत्तम ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड।** एलायंस क्लब सर्वोत्तम के तत्वावधान में दिल्ली रोड स्थित मालाबार में स्वामी विवेकानंद जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। अध्यक्ष माधव बंसल ने कहा स्वामी विवेकानंद एक संत ही नही अपीतु बल्कि वे एक महान देशभक्त,प्रखर वक्ता विचारक एवं मानवप्रेमी भी थे। सचिव डा राजेश्वर सिंह एवं कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का विश्वास था कि भारतभूमि धर्म एवं दर्शन की पुण्यभूमि है यह त्याग सेवा एवं निष्काम कर्म की भूमि है। इंटरनेशनल प्रोग्राम चेयरपर्सन डा अनिल बाजपेई ने कविता के माध्यम से कहा कि अमरीका जाकर बही,ज्ञान समीर सुगंध! भारत मां तब कह उठी,धन्य विवेकानंद।पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा आराधना बाजपेई ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अद्वितीय थे वे ईश्वर के प्रतिनिधि थे और सब पर प्रभुत्व प्राप्त कर लेना उनकी विशिष्टता थी। मल्टीपल चेयरमैन राकेश माहेश्वरी एवं विनोद गुप्ता ने रवींद्रनाथ टैगोर का उद्धरण देते हुए कहा कि यदि हम भारत को जानना चाहते हैं तो हमें विवेकानंद को पढ़ना चाहिए। महावीर वर्मा मधुर ने कहा स्वामी विवेकानंद ने शिकागो के सम्मेलन में भाषण देकर भारत मां का मस्तक ऊंचा कर दिया था। सुनील शर्मा, रविंद्र सिंघल, अजय बंसल, प्रमोद जिंदल, सुनील गोयल, दिनेश माहेश्वरी, राजेंद्र गर्ग, अमित रस्तोगी, ने भी विचार व्यक्त किए।

## एक नज़र

### 20 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर ?जनपद में अपराध की रोकथाम एवं कच्ची/अपमिश्रित शराब बनाने व बेचने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर उप निरीक्षक शीशपाल ने पुलिस टीम के साथ मिलकर नयागांव वाले रास्ते से अरविंद निवासी नयागांव इनायतपुर को चैकिंग के गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली व मैजिक में भिड़ंत मौके से दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हरदोई।** मिली जानकारी अनुसार माल थाना क्षेत्र अंतर्गत पतौना गांव के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली व मैजिक में भिड़ंत हो गई,मौके से दोनों वाहनों के चालक मौके से भाग निकले,साथ ही हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र नरिया खेड़ा गांव निवासी राजमिस्त्री बैजनाथ (40) रोज की भांति सुबह सात बजे नेवादा से लखनऊ चलने वाली टाटा मैजिक यूपी 32 ए टी 7376 से मजदूरी करने जा रहा था। जो गंभीर रूप से घायल हो गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बैजनाथ को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया,ट्रामा सेन्टर मे इलाज के दौरान बैजनाथ की मृत्यु हो गई।परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में माता राजेश्वरी, पत्नी कलावती, बेटे सचिन व कृष्णा है। जिनका रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चालकों की तलाश कर रही है।

### शुक्रवार को मलिहाबाद क्षेत्र के कई गांवो में अक्षत का वितरण किया गया

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**लखनऊ।** श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के निमंत्रण के निमित्त आए पूजित अक्षतों का वितरण धूमधाम से किया जा रहा है।शुक्रवार को मलिहाबाद क्षेत्र के कई गांवो में अक्षत का वितरण किया गया। रामभक्तों की टोलियां जय श्रीराम का उद्घोष और भजन-कीर्तन करते घर-घर पहुंची और अक्षत वितरित किया और इसके साथ में पत्रक दिए।इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला संयोजक सुशील कुमार जिला, सह संयोजक अभिमन्यु, जिला विद्यार्थी प्रमुख राजकुमार, राजवंशी, जिला सुरक्षा प्रमुख श्रवण कुमार राजवंशी, माल प्रखंड मंत्री सर्वजीत मौर्या, टिंकू यादव, अरविंद पुजारी,सिवम यादव, जितेंद्र यादव, आलोक, सुजीत मौर्या,बउवा यादव,मात्र शक्ति संयोजिका विद्यावती माल प्रखंड दुर्गा वाहिनी संयोजिका रुचि पाल दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

**विस्तृत लेख में दी गई जानकारी**

पत्रक में भगवान श्रीराम मंदिर के बारे में विस्तृत लेख तो लगा ही है। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के दिन क्या करना है। इसकी भी जानकारी दी गई है।

### समाधान दिवस के मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त वीरेंद्र विक्रम ने थाने पर समस्या लेकर आए लोगों की समस्याएं सुनी

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**लखनऊ।** माल थाने पर आयोजित थाना समाधान दिवस के मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त वीरेंद्र विक्रम ने थाने पर समस्या लेकर आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनको कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। थाना समाधान दिवस के मौके पर लोगों ने थाने पहुंचकर अपनी समस्याओं से एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम को अवगत कराया। आपको बता दें कि वर्ष 2024 के शुरू होने पर जनवरी माह के द्वितीय शनिवार को माल थाना परिसर में एसीपी वीरेंद्र विक्रम ने थाना दिवस में आए फरियादियों की फरियाद सुनी।इस मौके पर कुल आठ फरियादी अपनी फरियाद लेके पहुंचे मौके पर छः शिकायतों का निस्तारण करवाया गया साथ शेष बची दो शिकायतों को जांच कर निस्तारण करने का आदेश दिया।इस मौके पर इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी, एस आई रामसजीवन सरोज सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## सहकारी समितियों से किसानों को कम ब्याज पर मिलेगा ऋण

**द अचीवर टाइम्स विनोद वर्मा**



**लखीमपुर खीरी।** फरधान क्षेत्र की गणेशपुर की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के सदस्यों को अब मात्र तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋृण दिया जायेगा। जिससे समिति के सदस्य अपना को बहुउद्देशीय कार्य मछली पालन, कृषि, पशु पालन, दूध की डेयरी आदि कर सकेंगे। यह जानकारी गनेशपुर साधन सहकारी समिति के समिति के सचिव श्रीधर ने किसानों को वार्षिक बैठक में दी।

बहुउद्देशीय सहकारी समिति गनेशपुर की वार्षिक सभा गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपन्न हुई । वार्षिक सभा के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का माल्यार्पण समिति अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा एवं विनीत मनार अध्यक्ष डीसीबी एवं समस्त गणमान्यों का माल्यार्पण करके स्वागत किया है। समिति सचिव श्रीधर वर्मा ने मंच के माध्यम से बताया कि समिति में सामान्य सदस्य 3153 जिसमें 1052 सक्रिय सदस्य लेन देन कर रहे हैं। हमारी सदस्यता पूंजी छह करोड़ 53 लाख 50 हजार है। कुल लाभांश 34 लाख 99 हजार एवं वार्षिक लाभ छह लाख एक हजार है। सचिव श्रीधर वर्मा ने बताया अब समिति से किसानों को खाद ही नहीं अन्य चीज भी मिलने लगेगी। समिति के सदस्यों को पशु पालन, मछली पालन, दूध की डेयरी, कृषि करने के लिए सबसे कम ब्याज पर ऋृण दिया जायेगा। ऋृण लेने वाले किसानों से तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज पड़ेगा। मुख्य अतिथि अजय मिश्र ने बताया भारत पिछली सरकार में सहकारिता मंत्रालय नहीं था। भाजपा की सरकार बनते ही 2019 में चालू किया जा चुका है। जिसका लाभ आप लोगों को पांच वर्ष के अंदर मिलने लगेगा। किसानों को खाद उपलब्ध होने के लिए पहले सीतापुर खाद गोदाम था। जिससे किसानों को खाद समय से खाद नहीं मिल पाती थी। सरकार ने गोला में खाद का गोदाम चालूकर दिया है। अब समय से खाद मिलना शुरु हो जाएगी। अभी तक किसान फसलों में कीटनाशक दवाओं का झिड़कांव पीठ पर मशीन रखकर करते थे। अब समितियों के माध्यम से महिलाओं के समूहों को 15 हजार ड्रोन कैमरे देने की तैयारी है। जिससे किसान छिड़काव रोगग्रस्त फसल पर ही होगी। पूरी फसल में झिड़काँव की जरूरत नहीं होगी। इससे दवा और पैसा दोनो की बचत होगी । भारत सरकार ने बहुराज्यीय समितियों का गठन कर चुकी है। जिला स्तर की समितियां इनमें सदस्य बनेगी और इनको 35 प्रतिशत भारत सरकार की तरफ से अनुदान मिलेगा । वार्षिक सभा में अलीगंज सचिव धर्मेद्र वर्मा, अपर सहकारिता निबंधक रजनीश सिंह, डीसीबी संचालक गंगाराम एडवोकेट , संतोष कुमारी सिंह , रोहित कुमार सहित समिति संचालक मंडल एवं पूर्व समिति संचालक मंडल समेत सैकड़ो किसान मौजूद रहे । समिति की तरफ से गणमान्यों को स्मृति चिन्ह और साल देकर संमानित किया गया है ।

## भटपुरा रसूलपुर में भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ संपन्न

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें तिलहर विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सलोना कुशवाहा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को दी । विधायिका ने कहा कि यह गांव वाकई में बहुत ही सुंदर है, और यहां पर बहुत ही अच्छे तरीके से सरकार की सभी विकास योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही है द्य माननीय मोदी जी एवं योगी जी की डबल इंजन सरकार से गांव की सूरत बदल रही है द्य ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारी ग्राम पंचायत में 193 व्यक्तियों को वृद्धावस्था पेंशन ,19 को विकलांग पेंशन,78 महिलाओं को विधवा पेंशन ,203 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि एवं 3207 यूनिट को राशन मिल रहा है द्य इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल गुप्ता ने ने ढाई वर्षो में हुए 56 पक्के कार्यों की भी जानकारी सभी ग्राम वासियों को दी, एवं अगले ढाई वर्षो में होने वाले कार्यों की कार्य योजना इस बैठक में ही तैयार की द्य कार्यक्रम में सिंधौली ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर सिंह ,पूर्व ब्लाक प्रमुख महेंद्र,भाजपा पार्टी मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ,भाजपा नेता रज्जन मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार ,पंचायत सहायक अनुज मिश्रा, रोजगार सेवक लड्डन अली , सिंधौली ब्लांक प्रधान संघ अध्यक्ष अमर सिंह,श्रीकांत दीक्षित , यशपाल सिंह, मुनीश सिंह,नसीरुद्दीन ,सतीश कुमार सहित सैकड़ो ग्राम वासी मौजूद रहे।

## निहारिका साहित्य मंच द्वारा कंट्री आफ इंडिया सम्मान से सम्मानित हुए बेखौफ शायर

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**





**हापुड़।** जिले के ग्राम मुरादपुर की सागर कालोनी में रहने वाले देश -विदेशों में अपनी लेखनी का जादू बखैरने वाले बेखौफ शायर डा.नरेश कुमार सागर की साहित्य यात्रा निरंतर चलती रहती है वो हमेशा देश और समाज में फैली बिसंगतियो पर प्रहार करते हुए लिखते हैं फिर वो चाहे भूख हो,बेरोजगारी ,अपराध, बलातकार, शिक्षा और राजनीति का ही क्षेत्र क्यूं ना हो। जनकवि /बेखौफ शायर डा.नरेश सागर ने साल की शुरुआत ही अपनी लेखनी के दम पर यादगार बना डाली अभी उन्हें निहारिका साहित्य मंच द्वारा कंट्री आफ इंडिया सम्मान से सम्मानित किया गया इसके अलावा उन्हें देश -विदेश की साहित्य संस्थाओं ने सम्मानित किया जो इसी वर्ष 2024 के सम्मान है जिनमें प्रेम पंखुड़ी सम्मान, हिंदी प्रचारक सम्मान, साहित्य प्रेमी मणी सम्मान, कवि रत्न श्री सम्मान, मातृ शक्ति सम्मान, कवि दुष्यंत कुमार स्मृति सम्मान, ज्ञान ज्योति सम्मान, धरती पुत्र कृषक सम्मान, साहित्य सुधा सम्मान, प्रेम पथिक सम्मान, नव वर्ष के सितारे सम्मान, पूर्णिका सम्मान, नव साहित्य सारथी सम्मान, सावित्री बाई फूले सम्मान और स्वामी विवेकानंद सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है जो समाज के लिए गौरव की बात है।अभी नववर्ष को डा.सागर की तीसरी पुस्तक - शोषण और संघर्ष का भी विमोचन हुआ था ।

## जालसाज के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** क्षेत्र के एक गावं निवासी एक युवक के खाते से ऑनलाइन पैसे निकलने का मामला सामने आया है। आपको बता दें कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रसूलपुर अहमदाबाद कटौली निवासी अनीश कश्यप ने थाने पर तहरीर के माध्यम से बताया है कि बीते बुधवार दोपहर बाद फोन पर किसी अज्ञात व्यक्ति से कॉल आई और बहला फुसलाकर कर मैसेज के माध्यम से लिंक भेजा और बताया कि इस लिंक को खोलिए तो पैसा आएगा उपरोक्त लिंक खोलने पर छः बार में खाते से कुल पैसठ हजार रुपए गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिया। पीड़ित युवक ने साइबर क्राइम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करायी साथ ही स्थानीय थाने पर जालसाज के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## जर्जर सड़क पर आवागमन को मजबूर हैं लोग

**द अचीवर टाइम्स एस के सिंह**



**लखीमपुर खीरी फरधान।** क्षेत्र के गांव मनिकापुर से लिलाकुआं को जाने वाली में बदहाल सड़क स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हैं। बजट के अभाव में मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त करने का आदेश भी बेअसर है। यह सड़क आठ वर्षो से जर्जर सड़क पड़ी है। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन रहता है। बताते चले कि लखीमपुर ब्लाक के पीलीभीत बस्ती मार्ग से मनिकापुर तिराहे लकेसर और मनिकापुर सहित लगभग दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला आठ किमी लंबे मार्ग का निर्माण दो दशक पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। लेकिन निर्माण के बाद सड़क की मरम्मत तक का कार्य एक बार भी नहीं कराया गया है। इससे सड़क जगह जगह से क्षतिग्रस्त होने के साथ गड्ढे बन गए। मार्ग जर्जर होने के चलते अक्सर राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसमें कुछ वाहन सवार तो गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाते है। क्षेत्र के पंकज सिंह, श्रवण कुमार, अतुल कुमार, मुजफ्फर, अकील और निजामू आदि ने बताया कि इस संबंध में कई बार क्षेत्रीय विधायक, सांसद व जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन इसका कोई लाभ नहीं हुआ। किसी ने भी सड़क की मरम्मत कराने की जहमत नहीं उठाई है। इस सड़क से रुकुंदीपुर, ढसरापुर, लखीमपुर साईकिल से स्कूल जाने वाले बच्चें समेत लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है मनिकापुर गांव के अंदर की सड़क उखड़कर बहुत नीची हो गई हैं। बरसात के दिनों में स्थित और भी दयनीय हो जाती है।

## विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्षों से मिले सुझाव

❖ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र के युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक संपन्न।

**द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**





**मध्य प्रदेश, कटनी।** कटनी जिले में थानों की सीमा और अधिकार क्षेत्र का युक्तियुक्तकरण संबंधी बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इससे संबंधित आगामी बैठक अब सोमवार 15 जनवरी को कलेक्ट्रेट मे आयोजित की गई है। बैठक के दौरान विधायक वियजराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि द्धय पद्मेश गौतम, विकास द्विवेदी, जनपद अध्यक्ष बहोरीबंद लाल कमल बंसल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अनुविभागीय अधिकारी कटनी प्रदीप मिश्रा, राकेश चौरसिया एवं विंकी सिंहमारे उईके सहित समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही। बैठक में आमजन की सुविधा की दृष्टि से थानों की सीमा क्षेत्र का निर्धारण जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव के आधार पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर किया जा रहा है। शनिवार को आयोजित बैठक में विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम सहित अन्य जनप्रनिधियों नें नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर थानों की सीमा के युक्तियुक्तकरण हेतु कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में जिले के जिन ग्रामों को वर्तमान थाना क्षेत्र से अन्य थाना क्षेत्र में सम्मिलित किया जाना है, उनके विषय में विस्तार से चर्चा करने सोमवार 15 जनवरी को पुनः एक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त की ।

## चंद घण्टो में चोरी गए हाइवा ट्रक को कुठला पुलिस ने किया जप्त

**द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** 13.01.2023 के रात्रि फरियादी धीरेन्द्र किशोर उर्फ रवि श्रीवास्तव पता स्व. मुक्तेश्वरनाथ श्रीवास्तव उम्र 53 वर्ष निवासी मंगल नगर थाना रंगनाथनगर का उपस्थित थाना आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि लकी ट्रेडिंग नाम से कोयले का प्लांट वाहन हाइवा क्रमांक स्क्क21॥1739 उक्त हाइवा को दिनांक 12/01/2024 को दिन में प्लाट के पास खड़ा कर दिया गया था जब यह रात को करीब 8 बजे अपने कोयला प्लाट में पहुँचा तो इसका उक्त हाइवा ट्रक प्लाट के पास नही था, आस पास अपने हाइवा क्रमांक स्क्क 21॥ 1739 का पता किया जो नही पता चला जिसकी रिपोर्ट पर थाना कुठला में अप.क्र. 46/24 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना की गई । अपराध कायमी के पश्चात थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक अभिषेक चौबे द्वारा सउनि तीरथ तेकाम को माल मुल्जिम की पता रसी हेतु आदेशित किया गया एवं टीम गठित की गई जिसमें उप निरी विनोद सिंह, सउनि तीरथ तेकाम, प्र.आर. नरेन्द्र पटेल, सुनील पाण्डेय, आर. बालकृष्ण तिवारी आर. सत्येंद्र एवं अन्य स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश देकर रवाना किया गया जो टीम द्वारा सचिन बर्मन, पवन कुमार बर्मन एवं सोनू बर्मन को अमराडांड यात्री प्रतीक्षालय के पास संदिग्ध अवस्था में बैठे मिलने पर संदेह के आधार हिकमत अमली से पूछताछ की गई और आरोपी सचिन बर्मन, पवन कुमार बर्मन एवं सोनू बर्मन के द्वारा अमराडांड के जंगल में अन्दर तरफ छिपाकर रखे ट्रक क्रमांक स्क्क21॥1739 को जप्त कर कब्जे लिया मामले के आरोपी सचिन बर्मन पिता स्व. सुनील कुमार बर्मन उम्र 26 वर्ष निवासी रबड फेक्ट्री रोड़ थाना कोतवाली कटनी, पवन कुमार बर्मन पिता राजू बर्मन उम्र 29 वर्ष एवं सोनू बर्मन पिता चन्द्रभान बर्मन उम्र 29 वर्ष निवासी हिरवारा थाना एन.के.जे. जिला कटनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियो को जेल भेज दिया है । जो न्यायिक अभिरक्षा में है । यह सफलता हासिल करने पर विशेष भूमिकाः- कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया व नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उप निरी. विनोद सिंह, सउनि तीरथ तेकाम, प्र.आर. केशव मिश्रा, नरेन्द्र पटेल, सुनील पाण्डेय, आर. बालकृष्ण तिवारी, आर. सत्येंद्र और अन्य स्टाफ द्वारा कडी मेहनत एवं लगन से आरोपियो से चोरी के माल एवं मसरुका जप्त करने में सफलता प्राप्त की ।

# एक मुश्त समाधान योजना के बचे 3 दिन के अंदर उपभोक्ता पंजीयन कराएं, अन्यथा अप्रिय कार्यवाही के लिए रहे तैयार

संवाददाता



**कालपी जालौन।** विधुत बिभाग के उपखण्ड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि दिनांक 16 जनवरी तक एक मुश्त समाधान योजना लागू है जिसमें पहले आएं,ज्यादा लाभ पाए , के आधार पर योजना है। उन्होंने कहा है कि यदि अभी तक बकायेदार उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ न लिया हो तो तत्काल खंडीय या उपखंड कार्यालय में अपना पंजीकरण कराएं अथवा वेवसाईट पर सीधे भी पंजीकरण कर सकते हैं। दिनांक 16 जनवरी को होने वाली भीड़ से बचने के लिए आज ही नजदीकी विद्युत कार्यालय पर जाएं अन्यथा उसके बाद कनेक्शन काटने का तथा धारा 5 (कुर्की) भेजे जाने का विशेष अभियान चलाया जायेगा ।यदि अप्रिय कार्रवाई होती है तो उसके लिए संबंधित बकायेदार उपभोक्ता ही उत्तरदाई होंगे । उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाएं एवम विच्छेदन की कार्यवाही से बचें।पावर कॉरपोरेशन के द्वारा बकायेदारों से ब्याज माफी की चलाई जा रही एक मुफ्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ हासिल करने के लिए आधे से ज्यादा उपभोक्ता दिलचस्पी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक विद्युत उपखंड क्षेत्र में 50 हजार की धनराशि के उपभोक्ताओं की संख्या 138 है। 1 लाख से 5 लाख रुपए तक के बकायेदारों की संख्या 54 है। जबकि 5 लाख रुपए से अधिक के बकायेदार उपभोक्ताओं की संख्या 26 है। 6 हजार उपभोक्ताओं को योजना में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन अभी तक करीब 4 अधिक उपभोक्ताओं के द्वारा ओटीएस योजना में पंजीकरण कराया गया है। उपखण्ड अधिकारीआदर्श राज तथा अवर अभियंता के द्वारा जगह-जगह शिविर आयोजित कराकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी आदर्श राज के मुताबिक ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में कर्मचारियों के द्वारा ओटीएस योजना के लाभ बता कर जानकारियां दी जा रही।

# जिला पुरुष अस्पताल में भर्ती तीव्र अति कुपोषित ( सैम )बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया

संवाददाता



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नरेन्द्र देव शर्मा व समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानन्द जी के जयन्ती के अवसर पर पोषण पुनर्वास केन्द्र (एन0आर0सी0) जिला पुरुष अस्पताल में भर्ती तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, साथ ही बच्चों को उपहार के रुप में खिलौना पेन्टिंग किट, किताब, कॉपी, पेन्सिल, चॉकलेट, ऊनी वस्त्र पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल करें तथा उनके माता-पिता एवं अभिभावकों को उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरुक करें। उन्होंने कहा कि यह प्रयास रहेगा कि जनपद मेंजो भी बच्चे तीव्र अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी में है उन्हें बेहतर इलाज एवं पोषण आहार देकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। उन्होंने कहा कि अतिकुपोषित सैम बच्चों के 73 परिवारजनों को अभी तक दुधारु गाय सुपुर्दगी में दी गयी है। जिससे अतिकुपोषित सैम बच्चों के पोषण श्रेणी में शीध्र सुधार हो सके। इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी अतिकुपोषित सैम बच्चों को चिन्हित करते हुये इनके अभिभावकों को भी दुधारु गाय सुपुर्दगी में दी जायें। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेन्द्र पौत्स्यायन, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव व समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/मुख्य सेविकायें मौजूद रहीं।

## लोधी सेना की बैठक सम्पन्न

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित प्रिया फैशन कॉम्पलेक्स के मालिक एवं अलीगढ़ मंडल के मंडल उपाध्यक्ष भाई नरेंद्र कुमार लोधी जी के यहां सकुशल मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि लोधी सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. लालजीत वर्मा जी रहे। उन्होंने संगठन के समस्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त पदाधिकारियों को ÷गरीब और असाए लोगों की मदद करें। ताकि समाज में ऊंच नीच की भावना से बड़कर समाज को आगे बढ़ाया जा सके। लोधी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश श्री गिरीश कुमार लोधी ने कहा कि जब तक समाज में शिक्षा का अभाव है तब तक समाज पाखंडबाद, कुरीतीओ का शिकार होता रहेगा। इसी बीच लोधी सेना के संस्थापक सदस्य और जिला अध्यक्ष बदायूं उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष एस के लोधी उर्फ टिंकू वर्मा ने कहा कि ÷समाज में जब तक शिक्षित, संगठित और संघर्षी लोगों की कमी रहेगी तब तक समाज आर्थिक, राजनैतिक रूप से पिछड़ता और प्रताड़ित होता रहेगा।

# एक नज़र

## पद्म भूषण उस्ताद राशिद खान हमेशा जिंदा हैं

संवाददाता



**बदायूं।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उस्ताद राशिद खान जिंदा रहेंगे करोड़ों लोगों के दिलों में जिंदा है जिंदा थे और जिंदा ही रहेंगे आज दिनांक 12-1-2024 को उनके निजी आवास पर आज तीजा की फतिहा के उपरांत उनके बेटे अरमान खान की दस्तारबंदी की रस्म अदा की गई उनकी पत्नी जोइता बासु खान और उनकी सुपुत्रियां सुहा खान एवं शाओना खान, डीन टी एफ एन डा0 कविता अरोरा , विलाल खान, आदि ने मदरसा दारुल उलूमके कारी अब्दुल रसूल साहब की सरपरस्ती में उनके सर पर पगड़ी बांधकर की गयी कि वह अपने पिता के पद चिन्हो पर चलने की दुआ दी इस अवसर पर चेयरपर्सन फातिमा , पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के प्रतिनिधि अवधेश यादव , मीडिया प्रभारी इन्तजार हुसैन , इजहार अहमद, , आमिर सुल्तानी, समन रज़ा आदि लोग उपस्थित रहे बदायूं का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने का समय आ गया है और जिसका प्रारम्भ 14 फरवरी 2024 को प्रारंभ होने जा रहा जिसमें जिसमें अरमान खान और विभिन्न कलाकार प्रतिभाग करेंगे

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया



**बदायूँ ।** पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं श्री आलोक प्रियदर्शी द्वारा परेड की सलामी ग्रहण की गई, परेड संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी श्री शक्ति सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक थाना प्रभारी व समस्त शाखा प्रभारी / प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 व अन्य पुलिसकर्मी परेड में मौजूद रहे। परेड की सलामी के उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये । परेड निरीक्षण के पश्चात पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं व नवनिर्मित बिल्डिंग, मैस, बाथरुम, शौचालय, पुलिस कैण्टीन, आटा-चक्की, पुलिस मॉर्डन स्कूल, कंट्रोल रुम, डायल रेडियो शाखा, गैस गोदाम,112 कन्ट्रोल रुम, परिवहन शाखा से यूपी-112 व जनपदीय पुलिस के वाहन का बारी-बारी निरीक्षण कर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा परिवहन शाखा में खड़े वाहनों का भी मेन्टीनेंश चेक किया गया, तदोपरान्त मैस मे जाकर भोजन की गुणवत्ता को चैक किया गया। डायल-112, ट्रैफिक पुलिस, पीआरवी, सिविल पुलिस व अन्य समस्त अधि0/कर्म0गण को निर्धारित प्वॉइंट पर ड्यूटी के दौरान बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ करते हुये जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## सूखी फसल लेकर किसानों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डीएम को बताई समस्या



**हमीरपुर ।** कुरारा ब्लाक के रिठौरा गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को सूखी फसलें लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए दो सप्ताह से गांव में ठप पड़े नलकूप को संचालित कराने की मांग की है। जिससे किसानों की फसल बर्बाद न हो। किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके गांव स्थित सरकारी नलकूप संख्या 382 की मोटर 15 दिन से खराब पड़ी है। मोटर जमा करने के बाद भी अभी तक नई मोटर नही दी गई। जिससे उनके सैकड़ों बीघा फसल सूखने की कगार पर है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि किसानों की समस्या को देखते हुए तत्काल नलकूप में मोटर लगवाकर पानी का संचालन करवाया जाए। जिससे कि उनकी फसलें बच सकें। नलकूप न चलने के कारण किसानों की गेंहू, चना और लाही की फसल सूख रही है। इस मौके पर किसान रामशंकर, गंगाचरण, जयनारायण, कल्लू, रामू, बाजबहादुर, दलपत, छिद्दू, ब्रजेश, कालका प्रसाद समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

## निर्माण ढहाने आई जेडीए की टीम का किया घेरा, महिलाओं ने उठाए पत्थर; हाइवे पर किया चक्का जाम

**झांसी।** जमीन पर बने निर्माण को ढहाने पहुंची झांसी विकास प्राधिकरण की टीम को स्थानीय लोगों ने घेर लिया। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने हाइवे को जाम कर दिया। एनजीटी के निर्देश पर नगर पार्क की जमीन पर बने निर्माण को ढहाने पहुंची झांसी विकास प्राधिकरण की टीम को लोगों ने घेर लिया। महिलाओं ने हाथ में पत्थर उठा लिए। पुलिस बल पहुंचने के बाद लोगों ने जेडीए की कार्रवाई का विरोध किया। इतना ही नहीं फिर झांसी-ग्वालियर हाइवे पर चक्का जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक लोग हाइवे पर बैठे रहे। इस कारण आवागमन प्रभावित रहा।

# होने वाले कार्यक्रमों, तथा त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त रखने को लेकर कालपी कोतवाली में शांति समिति की बैठक संपन्न

❖ सामाजिक एवम व्यापारियों से कई अहम मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

संवाददाता



**कालपी(जालौन)।** पुलिस अधीक्षक जालौन इराज़ राजा के कुशल निर्देशन पर आज शुक्रवार को कालपी कोतवाली के मीटिंग हॉल में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्योहारों तथा रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट ना करने की हिदायत दी गई। कोतवाली के मीटिंग हॉल पीस कमेटी की बैठक में अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ की मौजूदगी में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व पर यमुना नदी के घाटों में साफ-सफाई, रोशनी, अलाव तथा सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस की निगाह रहेंगी, अगर कोई भी सोशल मीडिया मेंआपत्तिजनक पोस्ट करता है तो पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में 22 जनवरी को भारी भीड़ रहेगी। इस दिन मीट, शराब आदि की दुकानें बंद रहेगी। अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने कहा कि कालपी में हिंदू मुस्लिम एकता एवं मेल मोहब्बत की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने त्योहारों तथा धार्मिक कार्यक्रमों में प्रेम से मनाने का आवाहन किया। इस मौके पर दुर्गा मंदिर के पुजारी राजेंद्र महाराज, डॉ. सुरेश प्रजापति, जावेद, अमित कुमार यादव, नमन अग्रवाल, सलीम अंसारी, राकेश, नसीम खान, दीपक, अमर सिंह सहित लोगों ने विचार प्रकट करते हुए कालपी की गौरवशाली परंपरा को कम रखने पर सहमति जताई।

# कायस्थ चित्रगुप्त महासभा ने बडी धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

संवाददाता



**उरई जालौन।** कायस्थ शिरोमणि महान समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद की जयंती दयानंद वैदिक महाविद्यालय के प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण कर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। जिसमे कायस्थ चित्रगुप्त महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक खरे ने संबोधन में कहा कि स्वामी जी का संपूर्ण जीवन भारतीय दर्शन की समृद्धि और गहराई से परिचय कराते हुए निकला । विवेकानंद के सबसे प्रसिद्ध उद्धरणों में से एक है। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। आत्मनिर्भरता और दृढ़ता के इस उपदेश ने साधकों की पीढ़ियों को उनके आध्यात्मिक पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया है। कायस्थ सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ0 विवेक सक्सेना ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि प्रत्येक व्यक्ति में महानता हासिल करने की क्षमता होती है और अपने वास्तविक स्वरूप का एहसास मुक्ति और पूर्णता की ओर ले जाता है। डॉ 0 गिरीश श्रीवास्तव ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द का प्रभाव अध्यात्म के क्षेत्र से भी आगे तक फैला। वह सामाजिक सुधार और महिलाओं के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के समर्थक थे। उनका मानना था कि किसी राष्ट्र की आध्यात्मिक और भौतिक प्रगति का अटूट संबंध होता है। इस अवसर पर रचना श्रीवास्तव,धीरेंद्र श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव दाऊ,नीरज श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव,आलोक सक्सेना ,धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ , संजय श्रीवास्तव, रविकांत निगम , योगेश कुलश्रेष्ठ, विनोद खरे आदि उपस्थित रहे ।

# साइबर सेल की टीम ने पीड़ित के खाते में वापस कराए 3.60 लाख रुपये



संवाददाता

**हमीरपुर।** बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुड़ी गोपनीय जानकारी लेकर यूपीआई व अन्य के माध्यम से धोखाधड़ी कर युवक के खाते से निकाले गए 3.60 लाख रुपये साइबर सेल की टीम ने उसके खाते में वापस मंगाने की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दो जनवरी को साइबर क्राइम थाना द्वारा आवेदक सदर कोतवाली के अमन शहीद मुहल्ला निवासी प्रिंस कुमार पांडेय पुत्र स्व.प्रदीप नारायण पांडेय द्वारा क्रिप्टो करेंसी (स्छ्ज्ञ) फाड से संबंधित प्रार्थना पत्र व संबंधित रिकार्ड प्राप्त कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए 3.60 लाख रुपये की संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में वापस करवाई गई। इस संबंध में एसपी द्वारा पीड़ित को रुपये वापसी संबंधी अभिलेख भी सौंपे गए। इस टीम में प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह, एसआइ अभिषेक सिंह, चंद्रभवन दिवाकर शामिल रहे।

# रास्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन सम्पन्न

संवाददाता



**उरई जालौन।** दयानंद वैदिक कॉलेज के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन नेहरू युवा केंद्र द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा जी विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा अध्यक्ष अमिय लकी त्रिपाठी रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य दयानंद वैदिक कॉलेज राजेश पांडेय जी द्वारा की गई। सर्वप्रथम विधायक सदर गौरी शंकर जी तथा अन्य अतिथियों द्वारा द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दिए जा रहे उद्बोधन को भी प्रतिभागियों को सुनाया गया इस अवसर पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किए तत्पश्चात सदर विधायक द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह में प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को माय भारत टी-शर्ट तथा कैप वितरित किए उसके पश्चात नासिक में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय युवा उत्सव में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए उद्बोधन का लाइव प्रसारण प्रतिभागियों को सुनाया गया तथा युवा उत्सव में हो रहे कार्यक्रमों को भी प्रतिभागियों को लाइव दिखाया गया। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की की राह पर है, माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए पांच प्रण का सभी युवा पालन करें एवं देश की प्रगति में अपना योगदान दें देश को विकसित भारत बनाने में सहयोग करें जब युवा अपने दायित्वों को समझेगा तभी सही मायने में देश विकसित राष्ट्र बन सकेगा। स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर के युवा अपने देश की उन्नति में योगदान दे सकते हैं।इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी रवि दीक्षित द्वारा भी युवाओं को भी राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करके अधिक से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की गई कार्यक्रम के अंत में जिला युवा अधिकारी रवि दीक्षित द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया तथा प्रतिभागियों को अल्पाहार दिया गया कार्यक्रम में डॉक्टर शैलजा गुप्ता, डा.मनोज गुहा डा. नफीसुल हसन डा.वर्षा राहुल डा.श्वेता यादव , आदर्श सोनकिया ,आलोक द्विवेदी, विमल सिंह, मोनिका कुमारी,सत्यम सिंह, उमा, तम्मन्ना, तपस्या, स्वाति इत्यादि उपस्थित रहे।

# युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती, बांटे गए स्मार्ट फोन




संवाददाता

**हमीरपुर।** मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के कलाम सभागार में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी ने विभिन्न कालेज के 20 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित करते हुए स्वामी विवेकानंद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि युवाओं को तैयार कर 2047 में विकसित भारत की संकल्पना पूर्ण करें। जिले में कुल 15800 स्मार्टफोन आवंटित हुए। जिसमें 4114 स्मार्टफोनों का वितरण अब तक किया जा चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 20 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन देकर उत्तर प्रदेश की लाभकारी योजना से लाभान्वित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अरुण मिश्रा, उपजिलाधिकारी खालिद अंजुम, जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह, स्मार्टफोन प्रभारी चक्रेश समेत जिले के विभिन्न महाविद्यालय एवं नवोदय विद्यालय के प्राचार्य तथा लाभार्थी बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली ने किया।

# जिला अधिकारी जालौन व पुलिस अधीक्षक जालौन ने राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

संवाददाता



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। युवाओं के प्रेरणा स्रोत समाज सुधारक वैश्विक जगत को हिंदुत्व भारत से पुनः परिचित कर सबको अभिभूत करने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई। जिलाधिकारी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कम उम्र में उन्होंने विश्व भर में अपनी और अपने देश की पहचान बनाई और महत्वपूर्ण योगदान दिया, कम उम्र में स्वामी विवेकानंद जी ने भारत समेत पूरी दुनिया को नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि सभी को स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और स्वामी जी का कथन था कि उठो जागो और तब तक प्रयास करो जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के पदचिन्हों पर चलें तो निश्चित ही हमें सफलता मिलेगी। जिलाधिकारी ने उनके 1893 के शिकागो सम्मेलन के भाषण के संबंध में भी प्रकाश डाला। स्वामी विवेकानंद ने 1893 को शिकागो भाषण अमेरिका के बहनो और भाइयो, आपके इस स्नेहपूर्ण और जोरदार स्वागत से मेरा हृदय अपार हर्ष से भर गया है। आपको दुनिया की सबसे प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। आपको सभी धर्मो की जननी की तरफ से धन्यवाद देता हूं और सभी जाति-संप्रदाय के लाखों-करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से निकला है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहनशीलता और सभी को स्वीकारने का पाठ पढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कम आयु में विदेश जाकर अपने भाषण में पूरी दुनिया के सामने भारत को एक मजबूत छवि के साथ पेश किया था। उन्होंने अपने छोटे से जीवन में बहुत कुछ सीखा व सिखाए। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के साथ किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है इसके लिए छात्र अपने लक्ष्य को पाने के लिए स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिखाई गई राह पर चलकर हासिल करें। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल प्राचार्य आरके मौर्य, एबीवीपी के प्रांत अध्यक्ष कानपुर डॉक्टर बृजेश मिश्रा, नर्सिंग प्राचार्य डॉक्टर रीना, सीएमएस प्रशांत निरंजन,एबीवीपी से सौरभ शर्मा, सत्यम द्विवेदी, अंकित कुमार, नितिन कुमार सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# नेताओं को आयात करेगी बीजेपी! दूसरी पार्टी के नेताओं पर नजर



संवाददाता

**भुबनेश्वर।** बीजेपी 2024 चुनाव के लिए रणनीति बना रही है. जोर इस बात पर है कि आगामी चुनाव में पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीटें कैसे जीतेगी. इसी कड़ी में बीजेपी दूसरे दलों के उन नेताओं को शामिल कर चुनाव जीतने की योजना बना रही है, जिनके जीतने की संभावना है. ऐसी अफवाहें भी हैं कि भाजपा अन्य दलों से नेताओं को आयात कर सकती है और विधानसभा और लोकसभा दोनों सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है।सुंदरगढ़ समुदाय की नेता कुसुम टेटे और पुरी विधायक जयंत षाड़ंगी ये दोनों नेता 2019 चुनाव से पहले बिजेड़ी में थे । लेकिन टिकट बंटवारे के बाद वह असंतुष्ट हो गए और पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए और पार्टी से टिकट पाकर चुनाव जीत गए । पिछले चुनाव से पहले दाम राउत, रघु मोहंती, जयराम पांगी, बिभु तराई, अमर नाइक जैसे कुछ नेता भी पुरानी पार्टी छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे । हालाँकि वे जीत नहीं पाए, लेकिन उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। 2024 के चुनाव के दौरान प्रदेश बीजेपी ने ऐसे आंकड़े जुटाने की तैयारी शुरू कर दी है । अगर सांसद या वरिष्ठ नेता हैं तो केंद्रीय कमेटी संगठित होकर उनके लिए दिल्ली में विलय महोत्सव का आयोजन करेगी । विधायकों और प्रदेश नेताओं पर प्रदेश विलय समिति फैसला लेगी. बीजेपी ने जहां केंद्रीय स्तर पर विलय समिति का गठन कर लिया है, वहीं राज्य में जल्द ही विलय समिति का गठन होने वाला है. इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं । प्रदेश बीजेपी कहती रही है कि दूसरे दलों के कई नेता संपर्क में हैं ।

# कमिश्नर गौरव दयाल ने दिया निर्देश



संवाददाता

**अयोध्या ।** कमिश्नर गौरव दयाल ने अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। उन्होंने मण्डल के सभी जनपदों में 16 जनवरी से 22 जनवरी एक सप्ताह तक हर देव मंदिर में राम संकीर्तन आदि का आयोजन, सभी कार्यालयों में 14 जनवरी से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान एवं प्लास्टिक की सफाई करके परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने तथा 22 जनवरी को लोगों को प्रेरित कर घर-घर, संस्थानों इत्यादि में ज्योति जलाये जाने और मण्डल के सभी कार्यालयों में 22 से 26 जनवरी तक विशेष प्रकाश की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये है। मण्डलायुक्त ने महर्षि बाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से अयोध्या मार्ग को साफ सुथरा किये जाने तथा पूरे अयोध्या शहर को प्लास्टिक रहित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने वर्तमान समय में मौसम के हालात को देखते हुये पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरो को क्रियान्वित करने तथा भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था और जरूरतमंदों के लिए कम्बल की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने बस स्टैण्ड, स्टेशन एवं एयरपोर्ट, पार्किंग स्थल सहित शहर के अन्य प्रमुख स्थलों पर में आई हेल्प यू एवं खोया पाया केन्द्र स्थापित करते हुये इनमें कुशल कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग/अयोध्या विकास प्राधिकरण/नगर निगम द्वारा मुख्य मार्गो पर स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा है। उन्होंने 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत निजी भवनों में 18 जनवरी 2024 से किसी प्रकार का निर्माण न किये जाने के लिए कहा है, जिससे मलबा इकट्ठा न हो और जहां कहीं मलबा पड़ा हो उसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए है।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन व गौरव कुमार श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद की अध्यक्षता में जिला कारागार अयोध्या का निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन शैलेन्द्र सिंह यादव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय उदय प्रताप मिश्र वरिष्ठ जेल अधीक्षक अयोध्या, जितेन्द्र कुमार यादव व गिरीश कुमार (कारापाल), सुश्री शुमरा अंसारी, श्रीमती माया सिंह, कलीमुद्दीन (उपकारापाल), पुलकित राजा (चिकित्सा अधिकारी) अनुराग मिश्रा व विष्णु पाल सिंह (फार्मासिस्ट), मुख्य दिन हेड, महिला हाता प्रभारी एवं पुरुष हेड वार्डर, महिला हाता प्रभारी महिला बंदी रक्षक, बंदी गण एवं महिला बन्दीगण आदि उपस्थित पाये गये। दौरान निरीक्षण शैलेन्द्र सिंह यादव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद द्वारा जेल में निरूद्ध सभी बन्दियों के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गयी। जिसमें दिनांक 11.01.2024 को कुल 1083 बंदी एवं 51 महिला बन्दी एवं 8 बच्चे भी महिला बंदियों के साथ संवासित है। दौरान शिविर जिला कारागार अयोध्या में साफ-सफाई अच्छी पायी गयी, बन्दियों हेतु सायंकाल हेतु भोजन तैयार किया जा रहा है। शिविर के समय बन्दियों द्वारा बताया गया कि प्रातःकालीन नाश्ते में ब्रेड, चाय, गुड एवं भोजन में रोटी, मिश्रित दाल, आलू पालक साग दिया गया। निरीक्षण के दौरान शैलेन्द्र सिंह यादव अपर जिला जज/सचिव द्वारा अधीक्षक जिला कारागार अयोध्या को निर्देशित किया गया कि बन्दियों के बौद्धिक विकास हेतु उनको मोटिवेट किया जाए, जिससे सभी बन्दी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश विकास के मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें। दौरान शिविर जिला कारागार में कोई ऐसा बंदी नही पाया गया जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम हो। दौरान निरीक्षण अधीक्षक जिला कारागार अयोध्या को निर्देशित किया गया कि ऐसे बन्दी जिनकी न्यायालय द्वारा जमानत हो चुकी है किन्तु जिला कारागार से रिहा नही हो पाये है, उनकी रिहाई के लिए अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जिससे लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के माध्यम से, थाने के माध्यम से आर्थिक, सामाजिक एवं सम्पत्तियों की जांच कर उनको जेल से रिहाई के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जा सके। दौरान विधिक जागरूकता शिविर, जेल में निरुद्ध किशोर बंदियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी एवं उनके अधिकारों के बारे अवगत कराया गया, तथा पैरवी के लिए अधिवक्ता है या नहीं इसकी विशेष जानकारी ली गयी, कि उसके पास अधिवक्ता की सुविधा है या नही, यदि किसी बन्दी के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा के माध्यम से ьक्बै (लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम) मुकदमे की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है। जेल में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गयी है जिससे किसी बन्दी को कोई समस्या हो तो वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

## एक नज़र

### PM मोदी के साथ नजर आ रहीं प्रीति प्रियंवदा को मिला विशेष न्यौता, जोधपुर की साध्वी ने करवा चुकी हैं राम नाम का रिकॉर्ड 13 करोड़ बार जाप




**जोधपुर/जयपुर ।** जोधपुर में रहने वाली साध्वी प्रीति प्रियंवदा को भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विशेष निमंत्रण मिला है। साध्वी प्रीति प्रियंवदा ने अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण के लिए 13 करोड़ राम नाम का जाप करवाया है। अयोध्या से मिली न्यौते के बाद से प्रीति प्रियंवदा की एक पीएम मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर भी शेयर की जा रही है। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसे देश के लोग दूसरी दीपावली के रूप में मनाने की तैयारी कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए राजस्थान के भी कई लोगों को निमंत्रण मिलने का सिलसिला जारी है। इस बीच जोधपुर में रहने वाली साध्वी प्रीति प्रियंवदा को भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण पत्र मिला है। साध्वी प्रीति प्रिया प्रियंवदा ने भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए 13 करोड़ राम नाम का जाप करवाया था। अब अयोध्या से मिले निमंत्रण के बाद से उनकी एक तस्वीर पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नजर आ रही हैं। साध्वी प्रीति प्रियंवदा जोधपुर के सरदारपुरा स्थित आश्रम की संस्थापिका है। जो अपने अनुयायियों को दीक्षा और प्रवचन देने का कार्य करती है। उन्होंने 10 साल की छोटी सी उम्र में ही राम मंदिर के निर्माण के लिए राम नाम की धुन शुरू की। इसके अलावा साध्वी प्रीति की ओर से कई सामाजिक सेवाओं के कार्य भी किए जाते है। उन्होंने राम मंदिर का निर्माण हो, इसके लिए 13 करोड़ राम नाम का जाप करवाया है। इसके बाद साध्वी प्रीति काफी सुर्खियों में आई। उन्हें भी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण पत्र भेजा गया है। साध्वी प्रीति ने बताया कि ब्रह्म चैतन्य गोंधवलेकर महाराज 100 वर्ष पूर्व हुए थे। उन्होंने पूरे भारत में श्री राम जय राम जय जय राम मंत्र के जप का प्रचार किया। उन्हीं के कुल परंपरा में श्री राम महाराज हुए उनका दिव्य सानिध्य हमें प्राप्त हुआ। लगभग 700 की संख्या में जापक आए और 16 घंटे बैठकर उन्होंने जप किया। इस तरह 11 दिन में 13 करोड़ जप हुए। यह जप महाराज गोंधवलेकर की प्रतिमा के सम्मुख हुए इसे बाद में कार सेवक पूर्व में स्थापित किया गया। साध्वी प्रीति प्रियवंदा ने बताया कि राम मंदिर भारत की अस्मिता का सबसे बड़ा प्रतीक है। मंदिर का निर्माण वर्षों का स्वप्न है।शास्त्रों में अयोध्या को भारत का मस्तक बताया गया है और राम मंदिर उस पर तिलक है। 570 वर्ष पूर्व मीर कासिम ने इस मंदिर को ध्वस्त किया और आस्था को भी ठेस पहुंचाई। तब से लेकर 1984 तक अनगिनत बार इसके लिए संघर्ष हुए बलिदान हुआ। लेकिन आज हमारा सौभाग्य है कि भगवान श्री राम का यह मंदिर फिर से बनने जा रहा है।

# पटना गांधी मैदान में एंट्री शुरू, जिलों से बसों का काफिला भी पहुंचा, सीएम नीतीश देंगे नौकरी की सौगात

संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में इतिहास रचने जा रहे हैं। 16 जिलों के 26925 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पटना, नालंदा, वैशाली, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, सारण, भोजपुर, अरवल, बक्सर, जहानाबाद, औरंगाबाद, शेखपुरा, लखीसराय, पूर्वी चंपारण और दरभंगा शामिल है। इन जिलों के कुल 26925 अभ्यर्थी पटना में सीएम नीतीश और अन्य मंत्रियों के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे। इन अभ्यर्थियों को पटना ले जाने के लिए सरकार को 652 बसों की व्यवस्था की गई है। गांधी मैदान में शिक्षकों की एंट्री शुरू हो चुकी है। 16 जिलों से बसों के काफिले को पटना पहुंचना भी शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज 26925 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। जिन जिलों से कैंडिडेट पटना के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हैं, उनमें पटना, नालंदा, वैशाली, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, समस्तीपुर, सारण, भोजपुर, अरवल, बक्सर, जहानाबाद, औरंगाबाद, शेखपुरा, लखीसराय, पूर्वी चंपारण और दरभंगा है। इनके लिए प्रशासन की ओर से 652 बसों की भी व्यवस्था की गई है। इसके लिए पटना के ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया गया है। शिक्षक नियुक्ति पत्र कार्यक्रम के लिए गांधी मैदान में सभी तैयारी पूरी है। जिन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, वो बिहार लोक सेवा आयोग (ठच्ैब्) द्वारा दूसरे चरण में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। 16 जिलों के करीब 26 हजार शिक्षक गांधी मैदान में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। 24 जिलों में भी नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। दोपहर तीन बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होनी है।






ठच्ैब् के सोशल मीडिया पर %रोजगार मतलब नीतीश सरकार% का पोस्टर भी लगाया गया है। जिसमें कहा गया है कि %रोजगार की बहार, शिक्षक नियुक्ति में इतिहास रचता... बिहार शिक्षक नियुक्ति द्वितीय चरण में 96 हजार 823 शिक्षक नियुक्ति-पत्र वितरण समारोह। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विशिष्ट अतिथि तेजस्वी प्रसाद यादव हैं। तीन बजे कार्यक्रम का समय दिया हुआ है।

**इसके नीचे लिखा हुआ है कि**

प्रथम चरण में 1 लाख 20 हजार 336 शिक्षकों की बहाली संपन्न।

द्वितीय चरण में मिलेगा 96 हजार 823 शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र।

कुल चयनित शिक्षकों में 51ऋ महिलाएं, महिला सशक्तीकरण में अग्रणी बिहार।

छात्र-शिक्षक अनुपात सुधरकर पहुंचा 35रू1, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक प्रभावी कदम।

विभिन्न सरकारी संस्थाओं एवं कार्यालयों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत अभ्यर्थियों, साथ ही कॉन्वेंट विद्यालय, केंद्रीय विद्यालयों के अध्यापकों की भी परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत हुई बहाली।

गुणी और सुयोग्य शिक्षकों से बदल रहा छात्रों का भविष्य।

# रोज़गार मेले का हुआ आयोजन




संवाददाता

**अयोध्या।** उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय पांचवे रोजगार मेले का आयोजन आज दिनांक 12 जनवरी 2024 को विकासखंड मवई के मनीराम माधवराम आई0टी0आई0, मवई, अयोध्या में किया गया। मेले मे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रुदौली को आमन्त्रित किया गया। जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, अयोध्या द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रही कम्पनियों का निरीक्षण किया गया तथा लाभार्थियों को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की विस्तृत जानकारी दी गयी। मेले में प्रतिभाग करने वाली नियोक्ता कम्पनियों द्वारा अपने बारे में लाभार्थियों को बताया गया। मेले में जनपद के 140 से अधिक युवाओं एवं युवतियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में कम्पनियों के एच0आर0 द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 45 युवाओं को चयनित किया गया। रोजगार मेले में राजकीय आई0टी0आई0, सेवायोजन, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के कर्मचारी तथा मनीराम माधवराम आई0टी0आई0 के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर भाई ने भर दिया बहन की मांग में सिंदूर, एक साथ रहने पर अड़े तो मचा बवाल

- ममेरे भाई ने अपनी फुफेरी बहन की मांग में सिंदूर।
- लव अफेयर का बाद दोनों किया शादी का फैसला।
- डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर घटनाक्रम के बाद हंगामा।
- छत्तीसगढ़ की लड़की और झारखंड के लड़के में अफेयर।

संवाददाता

**पलामू।** रेलवे स्टेशन पर लड़के का इस तरह से लड़की की मांग भरना और शादी का खुलासा होने के बाद घरवालों में कोहराम मच गया। तुरंत ही दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस भी लड़का लड़की को अपने साथ ले आई। घरवालों के साथ लड़का लड़की समझाने की कोशिशें भी की गई। जानिए पूरा मामला। प्यार कब कहां किससे हो जाए कोई नहीं जानता। झारखंड में ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया जब ममेरे भाई ने अपनी फुफेरी बहन की मांग में सिंदूर भर दिया। बताया जा रहा कि दोनों के बीच काफी समय से लव अफेयर चल रहा था। हालांकि, उनके घरवालों को कानोंकान खबर तक नहीं हुई। इसी बीच उन्होंने साथ रहने का फैसला कर लिया। लड़की छत्तीसगढ़ की रहने वाली है और लड़का पलामू का है। दोनों ने तय किया अब साथ रहेंगे और डालटनगंज स्टेशन पर मिलने पहुंच गए। बस फिर क्या था जैसे ही स्टेशन पर दोनों मिले तो उन्होंने शादी का फैसला कर डाला। रेलवे स्टेशन पर ही लड़के ने लड़की की मांग भर दी। इसी बीच घरवालों को जब इसका पता चला तो हंगामा ही मच गया। हम अकसर सुनते हैं कि प्यार अंधा होता है लेकिन इस केस में ये देखने को मिल ही गया। रिश्ते में भाई-बहन होते हुए थे प्यार में पड़े लड़का-लड़की ने घरवालों से बिना बताए शादी का फैसला कर डाला। डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ममेरे भाई ने फुफेरी बहन की मांग में सिंदूर भरा। दोनों एक साथ रहने की जिद पर अड़ गए। शादी करने के बाद दोनों ने अपने परिजनों को इस बात की सूचना दी तो उनके परिजन मेदिनीनगर शहर थाना पहुंचे और इस संबंध में शिकायत दर्ज करा दी। बताया जा रहा कि 20 वर्षीय लड़का पलामू के पाटन थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वहीं लड़की छत्तीसगढ़ की रहने वाली है, उसकी उम्र अभी 17 साल ही बताई जा रही। इधर मांग भरने और दोनों की अचानक शादी के खिलाफ परिजन थाने में शिकायत लेकर पहुंच गए। लड़का और लड़की दोनों ही पक्ष के लोग परेशान हैं, वो इस शादी के पक्ष में नहीं हैं। वो बस यही कह रहे कि दोनों ने उन्हें कहीं न नहीं छोड़ा। सब इज्जत पानी में मिला दिया। फिलहाल पुलिस टीम एहतियात के तौर पर लड़की और लड़के दोनों को थाना ले आई है। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लड़का और लड़की दोनों के परिजनों को साथ बैठाकर मामले को सुलझाने में लगे रहे। उधर प्यार में पड़े लड़का और लड़की एक साथ रहने की जिद पर अड़ गए हैं। हालांकि, परिजन उन्हें अपने साथ घर ले जाने की बात कह रहे।

# सबसे उन्नत कॉम्पैक्ट एसयूवी
# किआ ने एडैस वाली नई सॉनेट को 7.99 लाख रुपये की विशेष शुरुआती कीमत पर पेश किया

संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। दिसंबर 2023 में पेश किए गए, किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं। इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि %फाइंड माइ कार विद एसवीएम%, जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपये से शुरू होने वाले 5 डीज़ल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीज़ल और पेट्रोल दोनों इंजन्स के लिए टॉप-ऑफ़-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमशः 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीज़ल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है। नई मस्कुलर और स्पोर्टियर सॉनेट एक अपराइट बॉडी स्टाइल के साथ सड़क पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति बरकरार रखती है। फ्रंट कोलिजन-अवॉइडेंस असिस्ट (थ्ब्।), लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट (स्टक्।), और लेन फॉलोइंग असिस्ट (स्थ्।) जैसी 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं से भरपूर, इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है। सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव देने के लिए, इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (म्ैब्), और व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट (टैड) सहित, सभी वेरिएंट में मजबूत 15 हाई-सेफ्टी फीचर मानक तौर पर दिए गए हैं। सॉनेट में इस पेशकश के साथ, किआ ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग मानक बना दिए हैं। इसके अलावा, सॉनेट में 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिज़ाइन, रियर डोर सनशेड कर्टेन, और सुरक्षा के साथ ऑल डोर पावर विंडो वन-टच ऑटो अप/डाउन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। निकटतम प्रतिस्पर्धियों की तुलना में, नई सॉनेट में कम से कम 11 फायदेमंद सुविधाएं हैं और यह तकनीकी रूप से सबसे उन्नत और सुविधा से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी है। नई सॉनेट में अब एक नई ग्रिल और नए बम्पर डिज़ाइन, क्राउन ज्वेल एलईडी हेडलैंप के साथ एक उन्नत फ्रंट फेस, आर16 क्रिस्टल कट अलॉय व्हील और स्टार मैप एलईडी कनेक्टेड टेल लैंप दिए गए हैं। नए सॉनेट के लॉन्च/कीमत की घोषणा करते हुए, किआ इंडिया के चीफ सेल्स और बिज़नेस स्ट्रेटेजी ऑफिसर, श्री म्युंग-सिक सोन ने कहा, ÷हम नई सॉनेट को पेश करके कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट को पुनः प्रीमियम बना रहे हैं। पुरानी सॉनेट ने अपने असाधारण डिज़ाइन और तकनीकी कौशल के साथ इस सेगमेंट का विस्तार किया था, और नई सॉनेट के साथ, हम इस सेगमेंट में अपने नेतृत्व को बहुत ऊपर ले जा रहे हैं। हम कम रखरखाव के समर्थन से पर्याप्त किफायती प्रस्ताव और सबसे उन्नत एडैस तकनीक के साथ शीर्ष स्तरीय सुरक्षा प्रस्ताव को जोड़ रहे हैं। इसके अलावा, यह गर्व से अपने सेगमेंट में सबसे कनेक्टेड कार के रूप में भी हमारे सामने है, जिसमें मज़ेदार हिंग्लिश कमांड और सराउंड व्यू मॉनिटर जैसी भविष्यवादी विशेषताएं दी गई हैं, जिन्हें छोटी और लंबी यात्रा दोनों के लिए सर्वोत्तम कॉम्पैक्ट एसयूवी ड्राइविंग अनुभव पेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने आगे कहा, ÷हमने पाया है कि सॉनेट अक्सर कई खरीदारों की पहली पसंद होती है, और इसलिए, हमने सॉनेट को उनके लिए अधिक सुलभ बनाने हेतु कीमत को प्रतिस्पर्धी रखने का सजग निर्णय लिया। एक आकर्षक उत्पाद प्रस्ताव के साथ, हमें यकीन है कि हम एक बार फिर से उपभोक्ताओं का दिल जीत लेंगे। इस वाहन के पुराने संस्करण की तरह, नई सॉनेट ने कनेक्टेड कार अनुभव पेश करते हुए पुनः मानदंड स्थापित किया है। यह वाहन 70 से अधिक कनेक्टेड कार अनुभवों का दावा करता है, जो स्वामित्व और ड्राइविंग अनुभव को पुनः पारिभाषित करते हैं। सराउंड व्यू मॉनिटर (स्टड) के साथ फाइंड माई कार, हिंग्लिश वीआर कमांड, वैले मोड और रिमोट विंडो कंट्रोल जैसे कुछ फीचर्स को पेश करके, नई सॉनेट न केवल ग्राहकों को सहूलियत देती है बल्कि अतिरिक्त स्तर की सुरक्षा भी पेश करती है। सॉनेट का यह नवीनतम अवतार लक्ज़री इंटीरियर के साथ इन-केबिन अनुभव को भी पुनः परिभाषित करता है, जिसमें तकनीक-उन्मुख डैशबोर्ड, एलईडी एम्बिएंट साउंड लाइटिंग, 26.04 ब्ड (10.25÷) कलर एलसीडी एमआईडी और 26.03 ब्ड (10.25÷) एचडी टचस्क्रीन नेविगेशन के साथ डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिज़ाइन फुल डिजिटल क्लस्टर, स्टीयरिंग व्हील पर नया जीटी लाइन लोगो और 1 नए रंग के साथ 5 इंटीरियर कलर विकल्प दिए गए हैं। यह कार 8 मोनोटोन, 2 डुअल टोन और 1 मैट फिनिश कलर के साथ, न्यू प्यूटर ऑलिव बॉडी कलर में भी उपलब्ध है।



## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए भरत और जुरेल

# भरत और ध्रुव जुरेल के अर्धशतक, सरफराज शतक से चूके

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** भारत के लिए रजत पाटीदार ने शतकीय पारी खेली, जबकि सरफराज खान शतक से चूक गए। केएस भरत और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाए। इन दोनों को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच तीन अनाधिकारिक मैचों की सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच टूर मैच खेला गया। दो दिवसीय यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। उन्होंने अपनी पहली पारी में 233 रन बनाए। जवाब में भारत ने पहली पारी आठ विकेट पर 462 रन



बनाकर घोषित कर दी। यहीं पर मैच समाप्त हो गया। भारत के लिए रजत पाटीदार ने शतकीय पारी खेली, जबकि सरफराज खान शतक से चूक गए। केएस भरत और ध्रुव जुरेल ने अर्धशतक लगाए। इन दोनों को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड लायंस की पारी 233 रन पर खत्म हुई। कीटन जेनिंग्स 25 रन, एलेक्स लीस 35 रन, ओलिवर प्राइस सात रन, कप्तान जोश बोहानन आठ रन और जेम्स रीयू एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली रॉबिन्सन और डेन मूसली ने छठे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभाई। रॉबिन्सन 52 गेंद में सात चौके और एक छक्के की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। फिर मूसली ने जेम्स कोल्स के साथ सातवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी निभाई। कोल्स 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मूसली ने 60 रन की पारी खेली। ब्राइडन कार्स पांच रन और मैथ्यू फिशर छह रन बनाकर आउट हुए। मैथ्यू पॉट्स नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया-ए से स्पिनर मानव सुथर ने तीन विकेट लिए। वहीं, आकाश दीप को दो विकेट मिले। विद्वत कावेरप्पा, तुषार देशपांडे और पुलकित नारंग को एक-एक विकेट मिला। इंडिया-ए की शुरुआत शानदार रही। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और रजत पाटीदार ने पहले विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी निभाई। ईश्वनर 32 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, प्रदोश रंजन पॉल 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रजत ने सरफराज के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी निभाई। रजत ने शतक जड़ा और वह 141 गेंद में 18 चौके और एक छक्के की मदद से 111 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सरफराज ने 110 गेंद में 96 रन की पारी खेली। सरफराज और रजत दोनों को टेस्ट सीरीज में मौका नहीं दिया गया है। सरफराज लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद नहीं चुने गए हैं। केएस भरत ने भी चयन के बाद खुद को साबित किया और 69 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के की मदद से 64 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने भी तूफानी पारी खेलते हुए 38 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। मानव सुथर 26 रन, आकाश दीप नौ रन बनाकर आउट हुए। पुलकित नारंग 25 रन और तुषार 18 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से कैलम पार्किंसन और जैक कार्सन को दो-दो विकेट मिले। पॉट्स, फिशर, कार्स औ मूसली को एक-एक विकेट मिला। इंडिया-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच तीन अनाधिकारिक मैचों की सीरीज की शुरुआत 17 जनवरी से होने जा रही है।

## मयंक अग्रवाल का शतक, अर्जुन तेंदुलकर की तूफानी पारी

# भुवनेश्वर ने आठ विकेट लेकर बनाया रिकॉर्ड



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मयंक अग्रवाल ने शतक के साथ फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं। अर्जुन तेंदुलकर ने भी 70 रन की आक्रामक पारी खेली है। वहीं, भुवनेश्वर कुमार ने आठ विकेट लेकर रिकॉर्ड बना लिया है। रणजी ट्रॉफी 2023-24 में दूसरे चरण के मुकाबले जारी हैं। इस दौरान कई बड़े खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन कर फॉर्म लौटने के संकेत दिए हैं। वहीं, कुछ युवा खिलाड़ियों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम के लिए अपना दावा मजबूत किया है। भुवनेश्वर कुमार और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से लय में लौटने के संकेत दिए हैं। वहीं, अर्जुन तेंदुलकर जैसे युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी चर्चा का विषय रहा है। भुवनेश्वर कुमार ने रणजी ट्रॉफी में दमदार वापसी करते हुए बंगाल के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 13वीं बार पांच विकेट लिए और केवल 60 रन पर आउट होने के बाद यूपी की टीम को वापसी करने में मदद की। कानपुर में उत्तर प्रदेश की पहली पारी सिर्फ 20.5 ओवर में 60 रन पर सिमट गई। मोहम्मद शमी के छोटे भाई मोहम्मद कैफ बंगाल के लिए स्टार रहे, उन्होंने 5.5 ओवर में 14 रन देकर चार विकेट लिए। इसके बाद भुवनेश्वर ने 22 ओवर में 41 रन देकर आठ विकेट लिए और बंगाल की टीम 188 रन पर ऑल आउट हुई। मोहम्मद कैफ ने बल्ले के साथ भी योगदान दिया और 45 रन की पारी खेली। गोवा और चंडीगढ़ के मैच में अर्जुन तेंदुलकर ने अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने 60 गेंद में 70 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल थे। चार दिवसीय मैच में अर्जुन ने 116 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इसी पारी में 197 रन बनाने वाले सुयश प्रभुदेसाई का स्ट्राइक रेट सिर्फ 54 का था। इसी से अर्जुन की आक्रामकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने भी गुजरात के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी की और 109 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और एक छक्का लगाया।

# साप्ताहिक राशिफल (15-21 जनवरी)

# जनवरी माह के इस सप्ताह में इन राशियों को मिलेगा किस्मत का साथ




### मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आप अपनी उर्जा, कार्यक्षमता का पूरी तरह से सदुपयोग कर पाएंगे। नतीजतन आपके सोचे हुए काम समय पर पूरे होंगे। इस सप्ताह छात्रों का मन अध्ययन और लेखन आदि के प्रति बढ़ेगा। लेखक, शोध कार्य करने वालों तथा मीडियाकर्मियों के लिए समय अत्यंत ही शुभ रहने वाला है। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपका मन धर्म-अध्यात्म के प्रति भी लगेगा। इस दौरान अचानक से किसी धर्म स्थान की यात्रा भी संभव है। किसी धार्मिक-मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। रोजी-रोजगार में अनुकूलता बनी रहेगी। आर्थिक दृष्टि से यह पूरा सप्ताह आपके लिए शुभ है। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको कारोबार में मनचाहा लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय के सिलसिले में की गई यात्राएं शुभ और सफल साबित होंगीं। खर्च में कमी और संचित धन में वृद्धि होगी। आय के नये स्रोत बनेंगे। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको कार्यक्षेत्र में किसी विशेष उपलब्धि या कार्य विशेष के लिए सम्मानित किया जा सकता है। प्रेम संबंध के लिए यह सप्ताह अनुकूल है। लव पार्टनर के साथ प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। सिंगल लोगों के जीवन में मनचाहे व्यक्ति की इंट्री हो सकती है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। सेहत सामान्य बनी रहेगी।

**उपाय- प्रतिदिन शिवलिंग पर जल एवं बेलपत्र चढ़ाएं तथा शिव महिम्न स्तोत्र का पाठ करें।**

### वृष

वृष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता लिए हुए है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए कार्य समय पर और मनमुताबिक तरीके से पूरे होते हुए नजर आएंगे। आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपने इष्टमित्रों और परिजनों आदि का पूरा सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। करियर-कारोबार के क्षेत्र में आपको इस सप्ताह अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल हो सकती है। इस सप्ताह आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको मनचाहा लाभ कमाने के कई अवसर प्राप्त होंगे। आपके विचारों में सकारात्मकता बनी रहेगी और आप कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने सीनियर और सहयोगियों के साथ बेहतर तालमेल बनाते हुए अपने काम को बेहतर तरीके से करने में कामयाब होंगे। कारोबार में लाभ प्राप्ति के योग बनेंगे। बाजार में आपकी साख बढ़ेगी। बाजार में फंसा हुआ धन अचानक से निकल सकता है। इस दौरान स्थायी संपत्ति भौतिक सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों के क्रय-विक्रय की योजना भी बन सकती है। सट्टा-लॉटरी से दूर रहें और अपने कर्म और बुद्धि के बल पर धन की प्राप्ति का प्रयास करें। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए अनुकूल है। परिवार में एकता और प्रेम बना रहेगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। लव पार्टनर के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। सप्ताह के उत्तरार्ध में किसी प्रिय व्यक्ति के घर आगमन से खुशियों का माहौल रहेगा।

**उपाय- प्रतिदिन हनुमत उपासना में श्री हनुमान चालीसा का पाठ करें।**

### मिथुन

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह थोड़ा आपाधापी वाला रह सकता है। इस सप्ताह आपको छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम और प्रयास करना पड़ सकता है। सप्ताह की शुरुआत में आपको अपने कार्य को बेहद सावधानी और सूझबूझ के साथ करने की जरूरत रहेगी। इस दौरान अपना कार्य किसी दूसरे के भरोसे छोड़ने की भूल बिल्कुल न करें। साथ ही साथ अपनी सेहत का भी पूरा ख्याल रखें। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको इस सप्ताह अपने कारोबार में थोड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इस सप्ताह जोखिम भरे निवेश से बचें अन्यथा आपको लाभ की जगह नुकसान उठाना पड़ सकता है। कामकाज महिलाओं को सप्ताह की शुरुआत में कार्यक्षेत्र और घर-परिवार के बीच तालमेल बिठाने में कुछेक दिक्कतें आ सकती हैं। रिश्ते-नाते की दृष्टि से यह सप्ताह आपके लिए थोड़ा प्रतिकूल साबित हो सकता है। सप्ताह की शुरुआत में भाई-बहन के साथ किसी बात को लेकर तकरार हो सकती है। घर-परिवार से जुड़ी निजी समस्याओं का असर आपके कामकाज में भी देखने को मिल सकता है। इस सप्ताह किसी साथी संगी अथवा परिजन पर भरोसा करने की बजाय स्वयं के बल पर कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने पर आपको सप्ताह के उत्तरार्ध तक चीजें कंट्रोल में आती हुई नजर आएंगी। प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं अन्यथा बेवजह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

**उपाय- प्रतिदिन गणपति को दूर्वा चढ़ाकर गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें।**

### कर्क

कर्क राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला साबित होगा। ऐसे में इस राशि के जातकों को किसी भी कार्य को खूब समझदारी के साथ करने की आवश्यकता रहेगी। इस सप्ताह आपको अभिमान और अपमान दोनों से बचने की आवश्यकता रहेगी। यदि आप नौकरीपेशा व्यक्ति हैं तो कार्यक्षेत्र किसी से बेवजह उलझने से बचें और अपने सीनियर और जूनियर दोनों को मिलाकर चलें। इस सप्ताह आपको उन लोगों से विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है जो आपसे ईर्ष्या रखते हैं और आपका काम हर समय बिगाड़ने के लिए षडयंत्र रचते रहते हैं। सप्ताह के मध्य में भूमि-भवन से जुड़े मामले आपकी चिंता का कारण बन सकते हैं। इस दैरान आपको संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों को संभालकर रखना होगा। भूमि-भवन से जुड़े विवाद को हल करने के लिए आपको कोर्ट-कचहरी के चक्कर भी लगाने पड़ सकते हैं। निजी मामलों को सुलझाते समय क्रोध करने से बचें अन्यथा स्वजनों के साथ संबंध बिगड़ सकते हैं। सप्ताह के उत्तरार्ध में माता-पिता से अपेक्षित सहयोग न मिलने के कारण मन थोड़ा दुखी रहेगा। प्रेम संबंध में भी लव पार्टनर के साथ किसी बात को लेकर गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। लव लाइफ में आने वाली समस्याएं आपके निजी जीवन में बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। ऐसे में कोई भी कदम भावना में बहकर न उठाएं और अपने शुभचिंतकों की सलाह का सम्मान करते हुए उस पर अमल करें।

**उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव का दूध से अभिषेक करें तथा रुद्राक्ष की माला से ॐ नमः शिवाय मंत्र का जप करें।**

### सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभ साबित होगा। इस सप्ताह आपको करियर-कारोबार की दिशा में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में यदि आप चाहें तो अपनी कड़ी मेहनत और प्रयास से मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप अपने कार्य को बगैर किसी आलस्य के समय पर बेहतर तरीके से करने का प्रयास करें तो आपको मान-सम्मान के साथ धन एवं पद में बढ़ोत्तरी का लाभ भी प्राप्त होगा। सेहत और संबंध की दृष्टि से यह पूरा सप्ताह आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। पूरे सप्ताह आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। भाई-बहनों और सगे-संबंधियों के साथ प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। यदि गलतफहमी के कारण किसी के साथ रिश्तों में खटास-मिठास आ गई थी तो किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मध्यस्थता से दूर हो जाएगी। इस सप्ताह आपकी अचानक से छोटी अथवा लंबी दूरी की यात्रा संभव है। यात्रा सुखद एंव लाभप्रद साबित होगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आप अपने करियर-कारोबार अथवा निजी जीवन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। यदि आप प्रेम संबंध में हैं तो वह विवाह में तब्दील हो सकता है। परिजन आपके विवाह के लिए हरी झंडी दिखा सकते हैं। विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आपका अपने जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ता गहरा हो सकता है। कुल मिलाकर इस सप्ताह आपकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ बेहद शानदार रहने वाली है।

**उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री विष्णु की पूजा में श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें।**

### कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला रहने वाला है। इस सप्ताह आपको अपने कार्यों में कुछेक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सप्ताह के पूर्वार्ध में करियर-कारोबार से जुड़ी कुछेक चुनौतियां आपकी परेशानी का बड़ा सबब बन सकती हैं। इस दौरान अवसर आपके हाथों से फिसलते हुए महसूस होंगें। अनचाही जगह पर तबादले अथवा जिम्मेदारी का बोझ आपकी चिंता का बड़ा कारण बनेगा। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको इस दौरान कुछ कुछ भी नया शुरू करने से पहले खूब सोच-विचार कर लेना चाहिए। इस दौरान जोखिम भरे निवेश से बचें अन्यथा आर्थिक नुकसान हो सकता है। कार्य में विलंब और समय से पूरे न होने के कारण आपके भीतर क्रोध की अधिकता रह सकती है। जिससे आपको बचने की आवश्यकता रहेगी। क्रोध या असमंजस की स्थिति में कोई बड़ा फैसला लेने से बचें अन्यथा आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। सप्ताह के उत्तरार्ध में अचानक से लंबी दूरी की यात्रा के योग बनेंगे। यात्रा के दौरान अपनी सेहत और सामान का खूब ख्याल रखें। कन्या राशि के जातकों को अपनी सेहत से संबंधित किसी भी तकलीफ को इग्नोर करने से बचना चाहिए अन्यथा आपकी परेशानी बढ़ सकती है, जिसकी वजह से आपको अस्पताल के चक्कर तक लगाने पड़ सकते हैं। यदि आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो कागज संबंधी काम पूरे करके रखें अन्यथा आपको बेवजह की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। प्रेम संबंध को बेहतर बनाए रखने के लिए लव पार्टनर अथवा जीवनसाथी की भावनाओं की अनदेखी न करें।

**उपाय- प्रतिदिन देवी दुर्गा की पूजा में उनकी चालीसा का पाठ करें।**

### तुला

तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह शुभता लिए है, लेकिन इसे सफलता और लाभ में परिवर्तित करने के लिए उन्हें आलस्य छोड़कर अथक परिश्रम और प्रयास करना होगा। यदि आप अपने समय का सदुपयोग करते हैं तो आपको अपेक्षा से कहीं ज्यादा लाभ की प्राप्ति हो सकती है। यदि आप बीते कुछ समय से किसी नई चीज शुरूआत करना चाहते हैं या फिर कुछ योजनाएं आपके दिमाग में हैं और आप इसके लिए पर्याप्त धन व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो यह अवधि उसका इंतजाम भी हो जाएगा। आपको किसी कार्य की शुरुआत करने के लिए इष्टमित्रों, परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा। फाइनेंस से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी। व्यवसाय में बढ़ोत्तरी होगी और इस सिलसिले में की जाने वाली यात्राएं शुभ एवं लाभप्रद साबित होंगी। यदि आप अपने कारोबार के लिए लोन या फाइनेंस आदि के लिए प्रयासरत थे तो सप्ताह के उत्तरार्ध तक आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। सीनियर की मदद से आप अपने टारगेट को समय से पूर्व पूरा करने में कामयाब होंगे। रिश्ते-नाते की दृष्टि से भी यह सप्ताह बेहद शुभ रहने वाला है। परिवार संग हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**उपाय- प्रतिदिन स्फटिक से बने शिवलिंग की पूजा करें।**

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए यह सप्ताह जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा। सप्ताह की शुरुआत किसी शुभ समाचार की प्राप्ति से संभव है। इस दौरान आपके घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। व्यक्ति विशेष के घर आगमन से खुशियों का माहौल बना रहेगा। इस सप्ताह आपको अपनी अपेक्षा के अनुसार कार्य में सफलता मिल सकती है। भूमि-भवन से जुड़े विवाद किसी दूर होंगे। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होगी। सप्ताह के मध्य में आप अपने करियर-कारोबार से जुड़ा कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं, जिसके भविष्य में दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से पूरा सप्ताह आपके लिए अनुकूल है। आपको कारोबार में अपेक्षित लाभ की प्राप्ति होगी। कारोबार में विस्तार की योजनाएं साकार रूप लेती हुई नजर आएंगी। सप्ताह के उत्तरार्ध में आप सुख-सुविधा से जुड़ी किसी महंगी चीज का क्रय कर सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। सीनियर और जूनियर आप पर पूरी तरह से मेहरबान नजर आएंगे। यदि आप बेरोजगार हैं तो किसी महिला मित्र की मदद से आपको रोजी-रोजगार की प्राप्ति संभव है। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। लव पार्टनर के साथ मेल-मुलाकात के योग बनेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

**उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में हनुमान चालीसा का सात बार पाठ करें।**

### धनु

धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यधिक शुभ रहने वाला है। इस सप्ताह करियर-कारोबार के सिलसिले में की गई यात्राएं आपके पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाली साबित होंगी। यदि आप लंबे समय से अपने कारोबार का विस्तार करने की सोच रहे थे तो इस सप्ताह आपकी यह कामना साकार हो सकती है। हालांकि ऐसा करते समय आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से मार्गदर्शन लेना बेहतर होगा। सप्ताह के पूवार्ध में आपका अधिकांश समय धार्मिक कार्यों में बीतेगा। इस दौरान किसी धर्म स्थान की यात्रा अथवा दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। आपका मन समाज सेवा के कार्यों में रमेगा। आपको कार्य विशेष के लिए सम्मानित भी किया जा सकता है, जिससे आपकी सम्मान और प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी। यह सप्ताह पारिवारिक मुद्दों को हल करने के लिए अत्यंत ही शुभ है। यदि किसी के साथ आपके संबंध में टकराव की स्थिति बनी हुई है तो बातचीत के जरिए आप सभी गलतफहमियों को दूर करने में कामयाब हो सकते हैं। यदि आप करियर-कारोबार के लिए विदेश जाने की योजना रहे थे तो उसमें आ रही अड़चनें दूर होंगी। इस सप्ताह विदेश से जुड़े कारोबार करने वालों को विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। प्रेम प्रसंग में अनुकूलता बनी रहेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बन रहेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। खान-पान का ख्याल रखें अन्यथा पेट संबंधी दिक्कतें हो सकती है।

**उपाय- प्रतिदिन भगवान श्री हनुमान जी की पूजा एवं श्री सुंदरकांड का पाठ करें।**

### मकर

मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला साबित होगा। इस सप्ताह आपके मन में किसी कार्य विशेष में नुकसान को लेकर लेकर एक भय बना रहेगा। जिससे दूर करने में आपके मित्रगण काफी मददगार साबित होंगे। इस सप्ताह आपको अपने आराध्य और अपनी कार्यक्षमता पर पूरा भरोसा करते हुए अपने काम को समय पर बेहतर तरीके से पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। ऐसा करने पर आपकी चीजें पटरी पर आती हुई नजर आएंगी। रिश्ते-नाते के लिए भी आपको सकारात्मक रहते हुए लोगों के साथ बेहतर तालमेल बनाने का प्रयास करना चाहिए। ऐसा करके आप बिगड़े संबंध को भी बनाने में कामयाब हो सकते हैं। जीवन के कठिन पलों के बीच आपको अपने पिता से संबल प्राप्त होगा। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे लोगों का सप्ताह के उत्तरार्ध में पढ़ाई-लिखाई से उचट सकता है। इस दौरान उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत लोगों की राह में कुछेक अड़चनें आ सकती हैं। आर्थिक दिक्कत से बचने के लिए आपको इस सप्ताह अपने धन का प्रबंधन करके चलना चाहिए तथा बेवजह की चीजों पर धन बर्बाद करने से बचना चाहिए, अन्यथा आपको बाद में पैसे उधार लेने की नौबत आ सकती है। सप्ताह के उत्तरार्ध में कार्य में अधिक परिश्रम और प्रयास के बावजूद अपेक्षित फल की प्राप्ति न होन पर मन थोड़ा खिन्न रह सकता है। प्रेम प्रसंग में प्रदर्शन या दिखावे से बचें अन्यथा बेवजह की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर मन चिंतित रहेगा।

**उपाय- प्रतिदिन हनुमान जी की पूजा में बजरंग बाण का पाठ करें।**

### कुंभ

कुंभ राशि के जातकों के लिए बीते सप्ताह के मुकाबले यह हफ्ता थोड़ा बेहतर रहने वाला है। इस सप्ताह आपके सोचे हुए काम समय पर पूरे होते हुए नजर आएंगे। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। सीनियर और जूनियर आप पर पूरी तरह से मेहरबान रहेंगे, जिनकी मदद से आप अपने टारगेट को समय से पूर्व करने में कामयाब होंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कामकाज की प्रशंसा होगी। घर-परिवार में भी परिजनों के साथ प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। इस सप्ताह आपको अपने पिता से विशेष लाभ एवं सहयोग की प्राप्ति होगी। छात्रों की पढ़ने-लिखने में रूचि बढ़ेगी। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे लोगों शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। इस सप्ताह आप अपनी सुख-सुविधा की चीजों पर खूब धन खर्च कर सकते हैं। भूमि-भवन या वाहन की कामना पूरी हो सकती है। सप्ताह के उत्तरार्ध में आप अपने परिवार के साथ पिकनिक-पार्टी का प्रोग्राम बना सकते हैं। हालांकि ऐसा करते हुए आपको अपनी सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा क्योंकि इस दौरान मौसमी बीमारी के शिकार हो सकती हैं। इस दौरान खान-पान का विशेष ख्याल रखें और वाहन सावधानी के साथ चलाएं। व्यवसाय की दृष्टि से सप्ताह का पूर्वार्ध ज्यादा शुभता लिए रहेगा। इस दौरान आपको विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। लव पार्टनर के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। सुखद समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा। संतान की उपलब्धि से मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**उपाय- प्रतिदिन भगवान शिव की पूजा में शिव चालीसा का पाठ करें तथा शनिवार को किसी जरूरतमंद व्यक्ति को काला कंबल का दान करें।**

### मीन

मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह की शुरुआत में आपकी कोई बड़ी मनोकामना पूरी होगी। जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। सप्ताह की शुरुआत में आप अपने सुख-सुविधा से जुड़ी चीजों अथवा वस्त्र, आभूषण आदि पर बड़ी धनराशि खर्च कर सकते हैं। इस दौरान आपको अपने प्रियजनों से मिलने का मौका मिलेगा। घर में धार्मिक-मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी। व्यवसाय में लाभ और विस्तार होगा। कार्यक्षेत्र अथवा व्यापार में आप अपने कौशल और प्रतिभा से सभी को प्रभावित करने में सक्षम होंगें। बाजार में आपकी साख बढ़ेगी। कामकाजी महिलाओं के लिए यह सप्ताह अत्यधिक शुभ रहने वाला है। सप्ताह के मध्य में आप अपने बेहतर सामाजिक संबंधों व गतिविधियों के कारण अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने में कामयाब होंगे। इस दौरान आपको कार्य विशेष के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है। परीक्षा-प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे छात्रों के लिए समय शुभ है। इस दौरान वे आलस्य छोड़कर एकाग्र मन से अध्ययन करेंगे और उन्हें उसका सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त होगा। सप्ताह के उत्तरार्ध में आपको अचानक से लंबी या छोटी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। इस दौरान आपको अपनी दिनचर्या और खानपान का विशेष ख्याल रखना होगा। प्रेम संबंध में प्रगाढ़ता आएगी। विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। किसी के साथ मित्रता प्रेम में तब्दील हो सकती है। वैवाहिक जीवन सुखमय बना रहेगा।

**उपाय- प्रतिदिन तुलसी जी की सेवा एवं भगवान श्री लक्ष्मीनारायण की पूजा में उनके मंत्रों का जप करें।**

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।